प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



बुआ-भतीजे की जोड़ी ने चुनाव कैंपेन को दिया एक नया अंदाज़ पेज- 2

भाजपा जिलाध्यक्ष ने शिल्प महोत्सव का किया उद्घाटन पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 99 | मंगलवार 31 मार्च, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

# यूपी में सीएम योगी की बड़ी पहल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन और नियुक्ति पत्र

## -भवनों के नए डिजाइन का शिलान्यास

एजेंसी लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिया। बता दें कि मुख्यमंत्री सोमवार को लोकभवन सभागार में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की महिला सशक्तीकरण, बाल विकास और रोजगार सृजन को नई गति देने वाली कई बड़ी पहल की शुरुआत की। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सोमवार को लोकभवन के सभागार में 10 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस वितरित किए जाएंगे, जिनमें स्टैडियोमीटर, इन्फैंटोमीटर और मदर एंड चाइल्ड वेटिंग स्केल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भर में कुल 1,33,282 स्टैडियोमीटर, 10,553 इन्फैंटोमीटर और 58,237 वेटिंग स्केल वितरित किए जाएंगे, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की निगरानी और अधिक सटीक व प्रभावी हो सकेगी। इसके अलावा, 13 जिलों में 633 आंगनवाड़ी केंद्रों, 28 जिलों में 71 बाल विकास परियोजना कार्यालयों और 27 जिलों में 69 अन्य केंद्रों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। साथ ही 70 जिलों में 2,468 आंगनवाड़ी केंद्रों और 29 जिलों में 69 बाल विकास परियोजना कार्यालयों का लोकार्पण किया। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सरकारों, खासतौर पर समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि 2017 से पहले राज्य में पोषाहार वितरण का ठेका एक बड़े माफिया के हाथों में था। यहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन और नियुक्ति पत्र वितरित करने के लिए आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, श्क्या यह उपलब्धि 2017 से पहले संभव थी? (खुद जवाब देते हुए) नहीं, क्योंकि उस समय पोषाहार वितरण का ठेका भारत का सबसे बड़ा शराब माफिया सरकार में पैसा देकर लेता था और सब कुछ वही तय करता था।योगी ने कहा कि 2017 में सरकार बनने के बाद उन्हें यह देखकर आश्चर्य हुआ कि सबसे बड़ा शराब माफिया महिला एवं बाल विकास विभाग में भी दखल रखता था। उन्होंने कहा, जब मुझे जानकारी मिली तो मैंने कहा कि यह तो शराब माफिया है, इसका यहां क्या काम? मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उस समय पोषाहार की गुणवत्ता इतनी खराब थी कि वह खाने लायक ही नहीं होता था। उन्होंने कहा कि कुपोषण के कारण ही प्रदेश बीमारू स्थिति में था। योगी ने सवाल किया, यह पाप कौन करता था, यह पाप करने वाले वही लोग हैं, जो जाति के नाम पर समाज को बांटकर समाज की सुरक्षा में भी सेंध लगाने का काम करते। बच्चों और कुपोषित माताओं के पोषाहार पर डकैती डालने का




काम करते थे। ये वही लोग हैं जो आज नारेबाजी करके, अव्यवस्था पैदा करते। नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता का दावा करते हुए उन्होंने कहा, मैं गारंटी के साथ कह सकता हूं कि एक भी कार्यकर्ता ने न सिफारिश कराई होगी और न पैसा दिया होगा। लेकिन क्या यह 2017 से पहले संभव था? (खुद जवाब देते हुए) नहीं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, तब सिफारिश और पैसा दोनों चलते थे यानी पर्ची भी और खर्ची भी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष भी 19,424 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और 3,077 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए थे और एक भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई थी। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि वर्तमान व्यवस्था में अनियमितताओं की कोई गुंजाइश नहीं है। योगी ने कहा, अगर नवजात शिशु सुपोषित है और मां स्वस्थ है, तो मानकर चलिए कि भारत का भविष्य सशक्त है। कोविड–19 महामारी के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की भूमिका की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब दुनिया संकट में थी, तब ये कार्यकर्ता घर–घर जाकर कोविड प्रबंधन में अहम भूमिका निभा रहे थे। उन्होंने विभाग की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में जल्द ही स्पष्ट बदलाव दिखाई देगा। योगी ने कहा, अगर आंगनबाड़ी केंद्र स्मार्ट हो रहे हैं, तो कार्यकर्ताओं का मानदेय भी स्मार्ट होना चाहिए।श्श उन्होंने विभाग को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने और मानदेय बढ़ाने का प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा, हम एक बड़े आयोजन के माध्यम से आपका मानदेय बढ़ाएंगे। आपको सम्मानजनक भुगतान मिलना चाहिए और न्यूनतम मानदेय की गारंटी होनी चाहिए। उन्होंने कहा, पिछले नौ वर्षों में डबल इंजन सरकार ने इस दिशा में कई कदम उठाए हैं और इन प्रयासों को जमीन पर उतारने में आप सभी की अहम भूमिका है। योगी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की सराहना करते हुए कहा कि वे जमीनी स्तर पर योजनाओं को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा, आप यशोदा मैया की भूमिका निभाते हुए बच्चों के पोषण और देखभाल के साथ–साथ कुपोषण और बीमारियों के खिलाफ भी लड़ रही हैं। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम है और वह पिछले चार वर्षों से इस बात पर जोर दे रहे थे कि हर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पास स्मार्टफोन होना चाहिए। उन्होंने कहा, ष्वह (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका) जो मेहनत करती हैं, वह रियल टाइम (वास्तविक समय में) डेटा समय पर नहीं मिल पाता था, जिससे रैंकिंग प्रभावित होती थी। इसलिए उन्हें स्मार्टफोन देकर प्रशिक्षित करना आवश्यक है। योगी ने कहा कि लखनऊ से लेकर सभी जिलों तक यह कार्यक्रम संपन्न हो रहा है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र भवनों के नए डिजाइन का विमोचन भी किया गया है, जिससे उनकी भूमिका और अधिक सशक्त होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तीन से पांच वर्ष के बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में ही प्री–प्राइमरी शिक्षा की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले जो 27 हजार केंद्र बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित होते थे, अब उन्हें आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है। योगी ने कहा कि आंगनबाड़ी और प्री–प्राइमरी को छह वर्ष तक के बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान 702 आंगनबाड़ी केंद्रों और 71 बाल विकास परियोजना कार्यालयों का शिलान्यास तथा 2,468 आंगनबाड़ी केंद्रों और 69 परियोजना कार्यालयों का लोकार्पण किया गया। महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि आज का कार्यक्रम ऐतिहासिक है और इससे पहले इतने बड़े स्तर पर कार्य नहीं हुए होंगे। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल सहित कई जनप्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित रहे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 69,804 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन, दो लाख ग्रोथ मॉनिटरिंग उपकरण तथा 18,440 कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

## पश्चिम एशिया संकट पर राजनीति नहीं, समाधान चाहिए, प्रियंका गांधी बोलीं- एकजुट रहना जरूरी

एजेंसी नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि युद्ध जैसे गंभीर मुद्दों पर राजनीति करना उचित नहीं है और इस विषय पर देश को एकजुट रहना चाहिए। प्रियंका गांधी ने स्पष्ट किया कि इस मुद्दे



पर पूरा देश एक साथ खड़ा है, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने सरकार से मौजूदा चुनौतियों पर ठोस समाधान पेश करने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि इसी कारण विपक्ष संसद में इस विषय पर विस्तृत चर्चा चाहता है, ताकि सभी पक्ष मिलकर रास्ता निकाल सकें। अपने बयान में प्रियंका गांधी वाड्रा ने आम जनता से जुड़े मुद्दों को भी उठाया। उन्होंने कहा कि रसोई गैस (एलपीजी) सिलिंडर की कीमतें इतनी बढ़ गई हैं कि आम लोगों के लिए इसे खरीदना मुश्किल हो गया है। उनके अनुसार, महंगाई का सीधा असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ रहा है, जिससे उनकी रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। कांग्रेस सांसद ने जोर देकर कहा कि देश के सामने खड़ी समस्याओं का हल निकालने के लिए संसद में सार्थक चर्चा बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर सभी दल मिलकर विचार–विमर्श करें, तो बेहतर समाधान निकल सकता है।

## सोनिया गांधी की सेहत में सुधार, सर गंगा राम अस्पताल से जल्द मिल सकती है छुट्टी

एजेंसी नई दिल्ली। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। सर गंगा राम अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार, अब वह पूरी तरह से सामान्य हैं और जल्द ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद है। बुखार की शिकायत के बाद उन्हें 24 मार्च को रात करीब 10.22 बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोनिया गांधी का सिस्टेमिक इंफेक्शन (शारीरिक संक्रमण) का




इलाज चल रहा है और उन पर एंटीबायोटिक दवाओं का सकारात्मक असर हो रहा है। सर गंगा राम अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. अजय स्वरूप ने सोमवार को बताया कि सोनिया गांधी के स्वास्थ्य संबंधी सभी पैरामीटर अब सामान्य सीमा के भीतर हैं। हालांकि, उन्हें अभी भी नसों के जरिए एंटीबायोटिक दवाएं दी जा रही हैं, जो एहतियात के तौर पर कुछ और दिनों तक जारी रहेंगी। डॉ. स्वरूप ने स्पष्ट किया कि इलाज कर रहे वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम की सहमति के बाद ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी देने का अंतिम फैसला लिया जाएगा। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है।

# असम में शांति और विकास के लिए भाजपा की हैट्रिक जरूरी : मोदी

एजेंसी नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को असम के भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि राज्य ने लंबे समय तक अस्थिरता और हिंसा का दौर देखा है, लेकिन पिछले एक दशक में स्थितियां बदली हैं। मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि भाजपा की डबल–इंजन सरकार ने राज्य में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए ईमानदारी से प्रयास किए हैं। प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे जनता को याद दिलाएं कि कांग्रेस के शासनकाल में समझौते केवल कागजों तक सीमित थे और सुर्खियां बटोरने के लिए किए जाते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने बोडो मुद्दे के साथ विश्वासघात किया, जिससे युवाओं को अशांति की ओर धकेला गया। मोदी ने कहा, हमने



वह दौर देखा है जब असम हिंसा की आग में जल रहा था, लेकिन आज राज्य में एक नया आत्मविश्वास दिख रहा है। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार ने विभिन्न संगठनों के साथ 12 शांति समझौते कर उग्रवाद को समाप्त किया है। आगामी चुनाव के मद्देनजर पीएम मोदी ने पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को विशेष रूप से सतर्क करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नए मतदाताओं को कांग्रेस के कुशासन के बारे में बताना जरूरी है ताकि वे समझ सकें कि एक छोटी सी गलती राज्य को फिर से दशकों पीछे धकेल सकती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि किसी भी राज्य के विकास के लिए शांति पहली प्राथमिकता होती है और भाजपा ने इसे जमीन पर उतारा है। प्रधानमंत्री ने तकनीक के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए असम भाजपा के कार्यकर्ताओं को आगाह किया कि वे एआई से बने फर्जी वीडियो और भ्रामक प्रचार से लोगों को सावधान करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान विपक्ष भ्रम फैलाने के लिए तकनीक का सहारा ले सकता है। गौरतलब है कि असम की 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए 9 अप्रैल को मतदान होना है, जहां भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है। प्रधानमंत्री ने खुद को एक सामान्य कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि वे भी बूथ स्तर की मजबूती के संकल्प से भरे हुए हैं।

# राहुल गांधी का बड़ा बयान: कहा- सरकार में वरिष्ठ पदों पर बहुजनों की हिस्सेदारी नहीं, जानकर दुख हुआ

एजेंसी नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि सरकार की प्रमुख संस्थाओं में वरिष्ठ पदों पर बहुजनों की हिस्सेदारी नहीं है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने अपने श्जनसंसदश कार्यक्रम में ग्रामीण बैंक के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों के एक समूह से मुलाकात के बाद यह टिप्पणी की। वह समाज के विभिन्न वर्गों के समूहों से अक्सर मुलाकात करते हैं और इसे उन्होंने जनसंसद का नाम दिया है। राहुल गांधी ने फेसबुक पर पोस्ट किया, जनसंसद में कुछ दिनों पहले ग्रामीण बैंक के एसी–एसटी वेलफेयर एसोशिएसन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात हुई। उनकी समस्याएं ध्यान से सुनीं तो वही बात स्थापित हुई जो मैं हमेशा से कहता आया हूं कि बहुजनों की हिस्सेदारी किसी भी संस्था



के वरिष्ठ पदों पर है ही नहीं। उन्होंने कहा, प्रतिनिधिमंडल में आए साथियों ने बताया कि किस तरह नीतिगत तरीके से प्रोन्नति के लिए नियम होने के बावजूद उनके साथ इसमें भेदभाव किया जाता है। कभी कामकाज, कभी योग्यता के बहाने से उनकी तरक्की रोक दी जाती है। और तो और अगर ये दलित–आदिवासी संगठन के पदाधिकारी आवाज उठाते हैं तो उनका बार–बार और सुदूर क्षेत्रों में तबादला करके सजा दी जाती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आरक्षण के कारण इन समुदायों को शुरुआती स्तर के पदों की नौकरियां तो मिल जाती हैं, मगर उसके बाद इनके लिए बड़े पदों तक पहुंच पाना नीतिगत भेदभाव के कारण लगभग असंभव हो जाता है। राहुल गांधी ने कहा, यह जानकर दुख तो हुआ, मगर आश्चर्य बिल्कुल नहीं कि इन बैंकों में शीर्ष पदों पर दलितों और आदिवासियों को कभी भी पहुंचने का मौका ही नहीं मिला। हर मंच से मैं यही सच्चाई दोहराता आया हूं।श्श उन्होंने इस बात पर जोर दिया, इसी भेदभाव, इसी अन्याय के खिलाफ हम लड़ रहे हैं। ये हालात हम मिलकर बदलेंगे, ताकि देश के हर वर्ग को हर संस्था में समान भागीदारी और हिस्सेदारी मिले।

## राज्यसभा जाने से पहले भावुक हुए नितिन नबीन, विधानसभा की सदस्यता से दिया इस्तीफा

एजेंसी पटना। बिहार भाजपा के कद्दावर नेता नितिन नबीन ने सोमवार को बिहार विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। हाल ही में राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद उन्होंने पटना के बांकीपुर निर्वाचन क्षेत्र के विधायक पद को छोड़ने का निर्णय लिया। इस्तीफे से पहले उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक विस्तृत पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने अपने 20 वर्षों के राजनीतिक सफर को याद करते हुए क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। नितिन नबीन ने अपने संदेश में भावुक होते हुए लिखा कि उनका राजनीतिक जीवन उनके पिता दिवंगत नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के आकस्मिक निधन के बाद शुरू हुआ था। जनवरी 2006 में पिता के जाने के बाद पार्टी ने उन्हें पटना पश्चिम से उपचुनाव लड़ने का अवसर दिया। 27 अप्रैल 2006 को पहली बार विधायक चुने जाने के बाद से वे लगातार पांच बार सदन में बांकीपुर का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन दो दशकों में उन्होंने इस क्षेत्र को एक परिवार की तरह सींचने और विकास के पथ पर आगे ले जाने का निरंतर प्रयास किया है। अपने इस्तीफे के दौरान नितिन नबीन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति भी कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार सरकार में मंत्री के रूप में काम करते हुए उन्हें कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू करने का मौका



मिला। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अपना संबल बताते हुए कहा, ष्कार्यकर्ताओं ने मुझे भाई और परिवार के सदस्य की तरह उंगली पकड़कर आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भले ही अब उनकी भूमिका बदल गई है, लेकिन बिहार के विकास और 2047 के विकसित भारत–विकसित बिहार के सपने को साकार करने के लिए वे निरंतर सक्रिय रहेंगे। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि सदन के भीतर हो या बाहर, वे हमेशा बिहार की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहेंगे।

## राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद नीतीश कुमार ने दिया एमएलसी पद से इस्तीफा

एजेंसी पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद आज विधान परिषद (एमएलसी) की सदस्यता से अपना इस्तीफा सौंप दिया है। हाल ही में 16 मार्च 2026 को उन्हें उच्च सदन यानी राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया था। भारतीय संविधान के प्रावधानों और जनप्रतिनिधित्व कानून के अनुसार, संसद के किसी भी सदन का सदस्य चुने जाने के बाद 14 दिनों के भीतर राजनेता को राज्य विधानमंडल (विधानसभा या विधान परिषद) से अपना इस्तीफा देना अनिवार्य होता है। इसी नियम के तहत 30 मार्च की तय समय सीमा समाप्त होने से ठीक पहले उन्होंने अपनी विधान परिषद की सदस्यता त्याग दी। नीतीश कुमार वर्ष 2006 से लगातार बिहार विधान परिषद के सदस्य रहे हैंऔर अब उच्च सदन का रुख कर रहे हैं। राज्यसभा की सदस्यता ग्रहण करने के साथ ही उनके लंबे राजनीतिक सफर में एक नया और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया है। अब नीतीश कुमार देश के उन चुनिंदा और दुर्लभ राजनेताओं की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था के चारोंसदनोंकृविधानसभा, विधान परिषद, लोकसभा और राज्यसभा का प्रतिनिधित्व किया है। 1985 मेंहरनौत से पहली बार विधायक का चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचने वाले नीतीश कुमार 1989 मेंपहली बार लोकसभा के लिए चुने गए थे।

# सम्पादकीय

## यूपी-निषाद समाज पर सबकी नज़रें

बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल के नौ साल पूरे किए। मैं नफीस जाफरी आपको यहां यह बता दूं कि वैसे तो उत्तर प्रदेश के अगले विधानसभा चुनाव अगले साल 2027 में प्रस्तावित हैं। और यही कारण है कि आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर न सिर्फ सत्तारूढ़ भाजपा ने बल्कि प्रमुख विपक्षी दल अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी ने अपनी–अपनी चुनावी तैयारियां शुरू कर दी है। और इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में यकायक निषाद समाज से आने वाले नेता चर्चा का मुद्दा बन गए हैं सबसे पहले भाजपा ने साध्वी निरंजन ज्योति को पिछड़ा



नफीस जाफरी

आयोग का अध्यक्ष बनाया। इसके बाद निषाद पार्टी के मुखिया उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद उत्तर प्रदेश में रोते दिखाई दिए और अब समाजवादी पार्टी ने फूलन देवी की बहन रुक्मणी देवी को समाजवादी पार्टी के महिला विंग का प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है। मालूम हो कि समाजवादी पार्टी ने 67 साल की रुक्मिणी देवी को पद दिया है यह कोई रूटीन में दिया जाने वाला पद नहीं है बल्कि समाजवादी पार्टी की पीडीए स्ट्रेटजी का महत्वपूर्ण पद मान जा रहा है। कहा जा रहाा है कि रुक्मिणी देवी से निषाद समाज को संदेश देने की कोशिश ही है। दरअसल निषाद मल्लाह कम्युनिटी उत्तर प्रदेश की बड़ी पिछड़ी जात है जिनका प्रभाव पूर्वांचल और अवध क्षेत्र से लेकर बुंदेलखंड तक है 2027 चुनाव के लिए यह महत्वपूर्ण प्रयास है। रुक्मिणी देवी का कहना है कि सभी को अखिलेश में भरोसा है। संजय निषाद पर आक्रामक रुक्मणी कहती है इन्होंने दुकान बना रखी है फूलन देवी के नाम पर लोगों को उल्लू बनाया है। सिर्फ इतना ही नहीं वे लगातार यह सवाल कर रही है कि सरकार में रहकर संजय निषाद ने क्या किया है। निषाद समाज को लेकर उत्तर प्रदेश के राजनीतिक के जाने–माने जानकार का कहना है निषाद समाज का कोई एक नेता नहीं हो सकता। उनके तीन बेल्ट हैं, उत्तर प्रदेश में जिसमें बनारस से लेकर गोरखपुर तक है दूसरी बनारस से कानपुर तक और तीसरी बुंदेलखंड में है। मुलायम सिंह यादव ने फूलन देवी से प्रयास किया पर वह भी सफल नहीं हो पाई। भाजपा ने निरंजन ज्योति को पद दिया है पर संजय निषाद से समझौता भी है संजय निषाद गोरखपुर से लेकर अंबेडकर नगर तक के ही नेता है केवल। जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के कुल वोटरों का 4.5 प्रतिशत निषाद वोटर है। कुल विधानसभा की 80 विधानसभा ऐसी है जहां पर निषाद वोटरों की तादाद एक लाख के करीब पहुंच जाती है। 160 से अधिक विधानसभा सीटों पर प्रभाव यह समाज रखता है इस समाज की छोटी जातियां कई बार खुद को निषाद समाज से अलग भी गिनती हैं सभी को अगर एक साथ जोड़ दिया जाए तो यह आबादी 9 प्रतिशत के आसपास भी पहुंच जाती है जिला वार अगर बात की जाए तो गोरखपुर,बनारस, आजमगढ़,बलिया, मऊ, गाजीपुर,मिर्जापुर, भदोही, जौनपुर, प्रयागराज, सुल्तानपुर, फतेहपुर, जिलों में इनकी आबादी काफी ज्यादा है।

## ईरान बनाम अमेरिका: ट्रंप का नया पैंतरा, अराघाची व गालिबफ को अभयदान

डॉ. सुधीर सक्सेना

इस्राायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के उकसावे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी खब्त में आकर मध्यपूर्व में जंग के शिकंजे में अपने पाँव बुरी तरह फँसा लिये हैं। संप्रति अमेरिका की हालत निगलत–उगलत पीर घनेरी मार्का हो गयी है। 28 मार्च को युद्ध छिड़े पूरा एक माह बीत गया, लेकिन उसका एक भी इरादा पूरा होना तो दूर रहा, उलटे उसकी भद्द पिटने का दौर जारी है। साँप–छछूंदर गति के वशीभूत लगातार रंग बदलते ट्रंप ने ईरान के दो शीर्ष नेताओं–विदेश मंत्री अराघाची और स्पीकर गालिबफ को अभयदान देने का ऐलान किया है। उनका कहना है कि ये दोनों नेता अब इस्रायल की हिटलिस्ट में नहीं है और इस्रायल खामेनेई और लारीजानी की भांति उन्हें मारने के लिये एयर स्ट्राइक नहीं करेगा। मजेदार बात यह है कि उन्होंने यह कदम अमेरिका और ईरान के मध्य मध्यस्थता कर रहे आतंकवादी राष्ट्र पाकिस्तान के फौजी शासक असीम मुनीर की गुजारिश पर उठाया है। मुनीर का तर्क है कि यदि उक्त दोनों शीर्ष ईरानी नेता जीवित नहीं रहे, तो अमेरिका वार्ता किससे करेगा? गौरलतब अयातुल्लाह खामेनेई के उत्तराधिकारी मोज्तबा खामेनेई को आहत अवस्था में तेहरान से निकालने में रूस सफल रहा है और उनका इन दिनों मस्क्वा में उपचार हो रहा है। अमेरिका के लिए परेशानी का एक और सबब यह भी है कि वह ईरान में इस्लामी हुकूमत को अपदस्थ कर अपनी कठपुतली सरकार बिठाने में विफल रहा है। उलटे इस्लामी हुकूमत के पीछे अवाम के एकजुट होने से उसके पाये और मजबूत हुये हैं। यह भी साफ हो गया है कि आर्यमेहर रजा शाह पहलवी के बेटे को निर्वासन से वापसी और राज्याभिषेक में ईरानी अवाम की कोई रूचि नहीं है। अराघाची और गालिबफ को अभयदान को राष्ट्रपति ट्रंप के नये पैंतरे के तौर पर देखा जा रहा है। इसके जरिये वह अपनी जंगजू इमेज को सदाशयी मोड में लाना चाहते हैं तथा बरसों से पाबंदियों और जंग–दर–जंग झेल रहे ईरान में अपेक्षाकृत लिबरल लॉबी खड़ी करना चाहते हैं। पिछले एक माह में उनके नुकसानों की फेहरिश्त लंबी है। उन्हें उम्मीद थी कि ईरान–प्रसंग एक हफ्ते में निपट जायेगा। लेकिन यह उनकी खामख्याली साबित हुई। ईरान ने खूब मोर्चा लड़ाया। उसने प्रत्यक्रमण कर कतर, दुबई, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, ओमान में तो कहर बरपाया ही, सुदूर डियागोगार्सिया तक मिसाइलें दाग कर इस्रायल–अमेरिका धुरीको चौंका दिया। ईरान की कार्रवाई से एक तो उक्त देशों का अमेरिका के सुरक्षा कवच पर भरोसा टूटा। दूसरे, इस्रायल के आयरन डोम का मिथ भी खंडित हो गया। एक और बड़ी बात यह हुई कि अमेरिका–पोषित नाटो में दरारें पड़ गयीं और इटली–स्पेन जैसे राष्ट्रों ने सहयोग के नाम पर हाथ खड़े कर दिये। नतीजतन खीझ में आकर ट्रंप ने नाटो–राष्ट्रों को कायर की संज्ञा दे डाली। ट्रंप को एक और निजी मलाल यह है क गालिबफ ने उनके दामाद किश्नर और विटकोफ से वार्ता से इंकार कर दिया और जेडी वांस से बातचीत की इच्छा व्यक्त की। घड़ी की सुइयां तेजी से घूम रही हैं। दुनिया अभूतपूर्व ऊर्जा और ईंधन संकट की ओर बढ़ रही है। होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान के कब्जे और निगरानी में है। ईरान वहां फौरी कार्रवाई कर वैश्विक संचार प्रणाली को तहस–नहस कर सकता है। खर्ग द्वीप पर अमेरिकी कार्रवाई यकीनन जबर्दस्त जवाबी कार्रवाई को न्यौता देगी। अगर्चे अमेरिका ने वहां मैरीनार और जमीनी टुकड़ियां भेजीं तो जंग बेमियादी दौर में पहुंच जायेगी और अमेरिका को वियेतनाम और अफगानिस्तान जैसी विषम और प्रतिकूल परिस्थितियों से दो–चार होना पड़ेगा। सुलह के लिये अनाक्रमण संधि और हर्जाने पर अड़े ईरान ने यदि छंकाने के लिये हमस हिजबुल्लाह और हूती जैसे संगठनों को छू कर दिया तो इस्रायल के लिये मोर्चा संभालना मुश्किल होगा। इस्रायल के रक्षा मंत्री यूं भी सेना में मानव संसाधनों की कमी का रोना रोते देखे गये हैं।

# बुआ-भतीजे की जोड़ी ने चुनाव कैंपेन को दिया एक नया अंदाज़



गुलफिशा खान

पश्चिम बंगाल में चुनाव नजदीक आते ही सियासी सरगर्मियां भी बढ़ने लगी है। इस बीच टीएमसी की प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल को तबाह करने की कोशिश में भारतीय जनता पार्टी देश में अपनी सत्ता गंवा देगी। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाताओं के नाम हटाने के लिए निर्वाचन आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। ममता बनर्जी ने रानीगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए घोषणा की कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव लगातार चौथी बार जीतने के बाद, वह दिल्ली ''विजय'' के लिए सभी राजनीतिक दलों को एकजुट करेंगी। बहरहाल, वहीं दूसरी ओर अगर पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की चुनावी रणनीति की बात की जाए तो मालूम हो कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के दूसरे सबसे बड़े नेता अभिषेक बनर्जी 2026 के चुनाव कैंपेन में एक मिली–जुली राजनीतिक ताकत के तौर पर उभरे हैं। उनकी मिली–जुली लीडरशिप ने पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक अनोखी राजनीतिक घटना पैदा की है। इसे ऐसे कहा जा सकता है कि इस बार के चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके लेटिनेंट अभिषेक बनर्जी ने मिलकर एक मिली–जुली युद्ध रणनीति बनाई है। उनकी मिली–जुली राजनीतिक योजना और कैंपेन कोऑर्डिनेशन को राज्य की चुनावी राजनीति में एक खास डेवलपमेंट के तौर पर देखा जा रहा है। 2021 के विधानसभा चुनाव और उसके बाद हुए लोकसभा चुनाव के दौरान भी अभिषेक बनर्जी ने सक्रिय भूमिका निभाई थी। हालांकि, मौजूदा कैंपेन में ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के बीच जिस तरह का कोऑर्डिनेशन दिख रहा है, वह पहले कभी नहीं दिखा। असल में, ऐसा मिला–जुला राजनीतिक काम पिछले विधानसभा चुनाव में भी नहीं दिखा था। पश्चिम बंगाल की राजनीति के जानकारों का कहना है कि मुख्यमंत्री और उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी के बीच इस प्रकार का कोऑर्डिनेटेड लीडरशिप शायद ही कभी देखी गई हो। हालांकि, आक्रामक विपक्षी राजनीति राज्य के लिए नई नहीं है। इससे पहले राज्य में ज्योति बासु और बाद में बुद्धदेव भट्टाचार्य के नेतृत्व वाली वाम मोर्चा सरकार के शासन के दौरान विरोध की इसी तरह की तीव्रता देखने को मिली थी। उस दौरान, ममता बनर्जी सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ सबसे आक्रामक विपक्षी नेता थीं। वाम मोर्चे के आखिरकार सत्ता खोने और सीपीआई (एम) के काफी कमजोर होने के बाद, ममता बनर्जी ने उस राजनीतिक स्थान पर कब्जा कर लिया, जो पहले कभी कांग्रेस और अन्य विपक्षी ताकतों के पास था। धीरे–धीरे, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य में बाकी विपक्षी स्थान को भरना शुरू कर दिया। हालांकि, वर्तमान में भाजपा की राजनीतिक आक्रामकता का स्तर कुछ ऐसा है जो पश्चिम बंगाल की राजनीति के पिछले चार दशकों में शायद ही कभी देखा गया हो। पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रक्रिया में चुनाव आयोग जैसी संस्थाएं, दूसरी संवैधानिक संस्थाओं के साथ, सक्रिय रूप से शामिल रही हैं। भाजपा ने बार–बार तर्क दिया है कि ऐसा दखल जरूरी था क्योंकि उनके अनुसार, पश्चिम बंगाल में श्आतंक का राजश और लोकतांत्रिक नियमों का टूटना देखा जा रहा था। इस तर्क के अनुसार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए राज्यपाल और चुनाव आयोग की सक्रिय भूमिका, जिसमें चुनावी गड़बड़ी को रोकने के लिए वोटर लिस्ट में बदलाव जैसे कदम शामिल हैं, जरूरी थी। हालांकि, ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी ने इन घटनाक्रमों का जवाब एक मिली–जुली रणनीति के साथ दिया है। स्टाइल और पीढ़ी के नजरिए में अंतर के बावजूद, दोनों नेता अब राजनीतिक रूप से एक–दूसरे के करीब आते दिख रहे हैं। पहले, दोनों के बीच अलग–अलग नजरिए के संकेत थे। अभिषेक बनर्जी राजनीति में युवा पीढ़ी की ज्यादा भागीदारी की वकालत कर रहे थे, जबकि ममता बनर्जी अक्सर पार्टी के पुराने जमाने के लीडरशिप स्ट्रक्चर पर भरोसा करना पसंद करती थीं। हालांकि, स्थिति को टकराव में बदलने देने के बजाय, दोनों नेता बीच के रास्ते पर आते दिख रहे हैं। इस वजह से, पार्टी में कंटिन्यूटी और बदलाव का मिक्स देखा गया है। पार्टी पुराने तरीकों से प्रभावित है, साथ ही युवा पीढ़ी के कई नए सदस्यों को भी शामिल कर रही है। अनुभव और युवाओं का यह मेल पॉलिटिकल बैलेंस बनाए रखने की सोची–समझी कोशिश दिखाता है। दूसरे शब्दों में, दोनों तरीकों के मेल से एक बीच का रास्ता बना है। दोनों नेताओं ने इस जॉइंट स्ट्रैटेजी के तहत कैंपेन प्लानिंग को ध्यान से बांटा है। ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी ने अपने पॉलिटिकल टूर को इस तरह से कोऑर्डिनेट किया है कि वे एक ही समय में राज्य के अलग–अलग हिस्सों को कवर कर सकें। उदाहरण के लिए, जब ममता बनर्जी कैंपेन प्रोग्राम के लिए नॉर्थ बंगाल गईं, तो अभिषेक बनर्जी साउथ बंगाल में, खासकर अपने चुनाव क्षेत्र डायमंड हार्बर में एक्टिव रहे, जहां उन्होंने बड़ी पब्लिक मीटिंग कीं और असरदार तरीके से कैंपेन का बिगुल बजाया। बाद में, जब ममता नॉर्थ बंगाल से साउथ बंगाल में कैंपेन करने के लिए लौटीं, तो उनके मूवमेंट को फिर से स्ट्रैटेजी के साथ कोऑर्डिनेट किया गया ताकि दोनों नेता अपनी पॉलिटिकल पहुंच को ज्यादा से ज्यादा कर सकें। दूसरे शब्दों में, ममता बनर्जी जहां जाती हैं, अभिषेक बनर्जी आम तौर पर एक ही समय पर एक ही जगह पर नहीं जाते हैं, और जहां अभिषेक बनर्जी कैंपेन करते हैं, ममता बनर्जी अक्सर ओवरलैपिंग विजिट से बचती हैं। वे मिलकर बनाई गई स्ट्रेटेजी के जरिए अपने कैंपेन के रूट और शेड्यूल तय कर रहे हैं। खबर है कि उनकी मीडिया एडवाइजरी टीम ने यह स्ट्रेटेजी बनाई है। एक डिटेल स्टडी करके एक पॉलिटिकल रोडमैप तैयार किया गया है। नंदीग्राम में अभिषेक बनर्जी की रैलियों में भी काफी भीड़ उमड़ी है। बड़ी सभाओं के .श्य प्रमाणों से पता चलता है कि आने वाले चुनावों में यह सीट एक बार फिर एक प्रमुख चुनावी अखाड़ा बन सकता है। दूसरी ओर, ममता का नजरिया कुछ अलग है। वह ग्रामीण बंगाल को बढ़ावा देने पर ज्यादा सक्रियता से ध्यान दे रही हैं। वह ग्रामीण बंगाल से ही पुराने विचारों और सोच को अपनाती हैं। पारंपरिक बंगाल का प्रतिनिधित्व करने के साथ–साथ, वह खुद को एक पीड़ित के तौर पर भी पेश कर रही हैं। वह यह कहानी सुना रही हैं कि कैसे भाजपा एक महिला मुख्यमंत्री को निशाना बना रही है, जो बंगाल की बेटी भी है। भाजपा का आरोप है कि ममता एक बार फिर खुद को पीड़ित या घायल दिखाने का कोई नाटक रच सकती हैं। हालांकि, ममता इस तरह का कोई भी कदम उठाने से बच रही हैं, क्योंकि वह इस बात पर जोर देना चाहती हैं कि वह घटना असली थी, न कि



कोई नाटक। इस बार, वह अपने ही अंदाज में अपनी योजनाओं को अंजाम देने की कोशिश कर रही हैं। अपने चुनाव प्रचार के लिए, वह ओबीसी, एससी, एसटी और मुस्लिम महिलाओं को आमंत्रित कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर, अभिषेक इस बार मतुआ समुदाय को ज्यादा प्राथमिकता दे रहे हैं। बीते 24 मार्च को, टीएमसी ने पत्थर प्रतिमा कॉलेज मैदान से पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के एक बड़े चरण की औपचारिक शुरुआत की। इसी जगह से, अभिषेक बनर्जी ने पत्थर प्रतिमा विधानसभा क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार समीर कुमार जाना के समर्थन में एक बड़े राजनीतिक जन–संपर्क अभियान की शुरुआत की। उस मंगलवार को, अभिषेक ने एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित किया, जिसके साथ ही इस क्षेत्र में जोरदार चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत हो गई। रैली के दौरान, अभिषेक बनर्जी ने चुनाव के लिए एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि समीर कुमार जाना 40 हजार वोटों के अंतर से चुनाव जीतें। यह रैली अभिषेक के लिए एक ऐसा मंच भी साबित हुई, जहां उन्होंने इस क्षेत्र में टीएमसी सरकार के विकास कार्यों और उपलब्धियों को उजागर किया। अपने भाषण में, अभिषेक ने सरकार के कामकाज का वह ब्योरा पेश किया, जिसे उन्होंने श्तथ्यात्मक रिकॉर्डश बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि टीएमसी सरकार की सफलताएं केवल कोरे दावे नहीं हैं, बल्कि वे ठोस आंकड़ों और मापे जा सकने वाले परिणामों पर आधारित हैं। उसी जनसभा में, उन्होंने लोगों के लिए पांच वादों की घोषणा भी की। अभिषेक बनर्जी ने इन वादों को एक व्यापक विकास रोडमैप का हिस्सा बताया। उन्होंने पत्थर प्रतिमा विधानसभा क्षेत्र में सरकारी कार्यक्रमों के प्रभाव को दर्शाने के लिए कई आंकड़े भी पेश किए। उनके अनुसार, युवाश्री परियोजना के तहत 16,608 युवाओं (पुरुष और महिलाएं) को हर महीने 1,500 रुपये मिल रहे हैं। लक्ष्मी भंडार योजना के तहत 93,000 महिलाओं को मासिक लाभ मिल रहा है। इसके अलावा, स्वास्थ्य साथी स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम से 97,954 लोगों को लाभ पहुंचा है। उन्होंने पिछले तीन सालों में हुए बुनियादी ढांचे के विकास पर भी जोर दिया। श्पथश्री परियोजना के माध्यम से, सरकार ने इस विधानसभा क्षेत्र में 297 ग्रामीण सड़कों के निर्माण पर 145 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इसके साथ ही, अभिषेक ने केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की और उस पर राज्य के हिस्से का फंड रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने ग्रामीण आवास और पेयजल परियोजनाओं के लिए मिलने वाले फंड को रोक दिया है, जिससे पश्चिम बंगाल में विकास कार्यों में बाधा आ रही है। अपने भाषण के अंत में, अभिषेक ने सीधे मतदाताओं से अपील की। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे अपने वोटों के रूप में तृणमूल कांग्रेस को अपना आशीर्वाद दें। उन्होंने कहा, आप अपने वोट के रूप में हमें अपना आशीर्वाद दें, और हम संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने आगे कहा कि यदि उनकी पार्टी दोबारा सत्ता में आती है, तो वह पूरे राज्य में स्वास्थ्य सेवा और संचार के बुनियादी ढांचे को और अधिक मजबूत करेगी। अपने इन भाषणों के माध्यम से, अभिषेक बनर्जी मतदाताओं विशेष रूप से युवा पीढ़ी के मन में आशा और उम्मीद की भावना जगाने का प्रयास कर रहे हैं। जहां एक ओर अभिषेक बनर्जी अपनी रैलियों में विकास से जुड़े आंकड़े और नीतिगत प्रतिबद्धताओं को प्रस्तुत करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, वहीं दूसरी ओर ममता बनर्जी का चुनाव प्रचार करने का तरीका उनसे बिल्कुल अलग है। उसी दिन, ममता बनर्जी उत्तरी बंगाल के डुआर्स क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रही थीं। चालसा से लतागुड़ी जाते समय उन्होंने आदिवासी नर्तकों के एक समूह को पारंपरिक नृत्य करते देखा। ममता बनर्जी उनके साथ शामिल हो गईं और कुछ देर तक उन कलाकारों के साथ डांस किया। इस पल ने ममता बनर्जी की अनोखी राजनीतिक शैली को दिखाया। एक ऐसी शैली जो आम लोगों के साथ भावनात्मक जुड़ाव और स्थानीय सांस्.तिक अभिव्यक्तियों में सहज भागीदारी पर जोर देती है। उनके चुनाव प्रचार के तरीके में अक्सर उत्सव जैसा माहौल बनाना और सीधे भीड़ के साथ घुलना–मिलना शामिल होता है। यह शैली अभिषेक बनर्जी के अधिक व्यवस्थित और नीति–आधारित राजनीतिक संदेश से बिल्कुल अलग है। अपने भाषणों में, ममता बनर्जी ने जाति–आधारित राजनीति की भी कड़ी आलोचना की है। उन्होंने तर्क दिया कि समाज को धार्मिक या जातीय आधार पर नहीं बांटा जाना चाहिए। उनके अनुसार, राजनीतिक चर्चाओं में लोगों को हिंदू, मुस्लिम, अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के रूप में वर्गी.त नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने इस तर्क को एक शक्तिशाली रूपक के माध्यम से समझाया। ममता बनर्जी ने कहा कि खून की कोई जाति नहीं होती। जब खून इंसान के शरीर के अंदर बहता है, तो हो सकता है कि वह किसी खास व्यक्ति की पहचान से जुड़ा हो। लेकिन एक बार जब वह खून दान कर दिया जाता है और ब्लड बैंक में जमा हो जाता है, तो वह अपनी सारी पहचान खो देता है. जब बाद में उसका उपयोग किसी दूसरे व्यक्ति की जान बचाने के लिए किया जाता है, तो उस पर जाति या धर्म का कोई ठप्पा नहीं लगा होता। वह बस एक इंसान की जान बचाने का जरिया बन जाता है। इस उदाहरण के माध्यम से, ममता बनर्जी ने सामाजिक एकता और विभाजनकारी पहचान की राजनीति को अस्वीकार करने के अपने संदेश पर जोर दिया। उनके अनुसार, समाज को जाति, धर्म या समुदाय के मतभेदों के बजाय मानवता पर ध्यान देना चाहिए। इस प्रकार, जहां अभिषेक बनर्जी का चुनाव प्रचार विकास के आंकड़ों, शासन की उपलब्धियों और नीतिगत वादों पर केंद्रित है, वहीं ममता बनर्जी भावनात्मक जुड़ाव, सांस्.तिक प्रतीकों और सामाजिक सद्भाव के मजबूत संदेश पर निर्भर रहना जारी रखती हैं. ये दोनों विपरीत, फिर भी एक–दूसरे के पूरक, शैलियां मिलकर तृणमूल कांग्रेस की व्यापक चुनावी रणनीति की नींव बनाती हैं। ऐसा लगता है कि इस बार उन्होंने अपने ही अनोखे तरीके से भविष्य का निर्माण किया है।

# एक्सपर्ट ने किया डरावना खुलासा-ईरान ने अब तक छिपा रखे अपने सबसे ख़तरनाक ब्रह्मास्त्र!



फरीद वारसी

अमेरिका और इजरायल की छेड़ी जंग ईरान के लिए आपदा में कमाई का अवसर बन गई है। ईरान ने युद्ध शुरू होने के बाद से तेल बेचकर संभवतः हजारों करोड़ रुपए की अतिरिक्त कमाई की है। इसकी वजह यह है कि उसके कच्चे तेल की कीमत बढ़ गई, क्योंकि वह एकमात्र बड़ा निर्यातक देश बन गया जो होर्मुज जलडमरूमध्य का इस्तेमाल कर पा रहा है। यह रिपोर्ट ब्लूमबर्ग ने छापी है। बता दें कि होर्मुज दुनिया का सबसे अहम तेल मार्ग है, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है। रिपोर्ट के अनुसार युद्ध शुरू होने के बाद कीमतों में हुए बदलाव से इस्लामिक गणराज्य ईरान को दो तरह से फायदा हो रहा है। पहला तो उसका मुख्य कच्चा तेल ग्रेड, जिसे ज्यादातर चीन के ग्राहकों को बेचा जा रहा है, अब ब्रेंट तेल के मुकाबले पिछले 10 महीनों में सबसे कम छूट (डिस्काउंट) पर बिक रहा है। दूसरी तरफ अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट तेल की कीमत भी बमबारी शुरू होने के बाद 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई है। यहां भी ईरान की खूब कमाई हो रही है। अनुमान है कि इस महीने ईरान का तेल निर्यात युद्ध से पहले के स्तर, यानी लगभग 16 लाख बैरल प्रति दिन, के करीब ही बना हुआ है। ईरानी कच्चा तेल ले जाने वाले जहाज अभी भी खार्ग द्वीप टर्मिनल पर तेल लोड कर रहे हैं और फारस की खाड़ी से होते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते बाहर जा रहे हैं। खास बात है कि हाल के दिनों में यह गतिविधि और तेज हुई है। वहीं दूसरी तरफ ईरान अन्य खाड़ी तेल उत्पादकों के शिपमेंट को होर्मुज से गुजरने नहीं दे रहा है। वहीं अगर अमेरिका और इजरायल के खिलाफ जारी युद्ध में ईरान की ताकत की बात करें तो जैसा कि सर्वविदित है कि ईरान के दिग्गज सुप्रीम लीडर अली खामेनेई, कई अन्य टॉप के नेता और रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमांडर अमेरिकी–इजरायल हमलों में मारे जा चुके हैं... ईरान के हजारों लोगों और सैनिकों की मौत हुई है... जंग को शुरू हुए




लगभग 1 महीने होने वाले हैं... सवाल है कि जब सैन्य हालात यहां तक पहुंच गए हैं तो ईरान ने अभी तक अपने ब्रह्मास्त्र यानी सबसे शक्तिशाली मिसाइलों का इस्तेमाल क्यों नहीं किया है। क्या वो इस इंतजार में है कि इजरायल का एयर डिफेंस सिस्टम कमजोर पड़े और आखिर में इन मिसाइलों का इस्तेमाल करके उसे बड़ी चोट दी जाए। कई एक्सपर्ट तो यही मान रहे हैं। चलिए इस आलेख के माध्यम से हम आपको बताते हैं कि ईरान किन मिसाइलों को बचाकर रख रहा है। फाइनेंसियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व एनालिस्ट और जेम्स मार्टिन सेंटर फॉर नॉनप्रोलिफरेशन स्टडीज के एक सीनियर रिसर्च एसोसिएट जिम लैमसन ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि तेहरान अपनी कुछ सबसे सक्षम मिसाइलों को रिजर्व में रख रहा, भले इन नई मिसाइलों का जखीरा सीमित होने की संभावना है। लैमसन ने कहा कि ईरान की कई ऐसी एडवांस मिसाइलें हैं जिन्हें इस जंग में अबतक इस्तेमाल नहीं किया गया है। इनमें कासिम बसीर, एतेमाद और फतह –2 शामिल हैं। लैमसन ने सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर कहा कि राड–500 मिसाइल का भी अब तक खाड़ी में उपयोग नहीं किया गया है। चलिए आपको इन मिसाइलों के बारे में बताते हैं। कासिम बसीर मिसाइल– यह ईरान की सबसे नई मिसाइल है। इसे ईरान के रक्षा मंत्रालय ने पिछले साल मई में लॉन्च किया था और दावा किया था कि इससे ईरान अपने दुश्मनों पर वे जहां कहीं भी हों और जब भी आवश्यक हो हमला कर सकता है। यह मिसाइल 500 किलोग्राम का बम ले जा सकती है। ईरान ने कहा है कि यह मिसाइल ऑप्टिकली गाइडेड टर्मिनल सीकर से लैस है, जिसे इलेक्ट्रॉनिक रूप से जैम नहीं किया जा सकता है। यह ईरान के जखीरे में सबसे एडवांस मिसाइलों में से एक है। एतेमाद मिसाइल– एतेमाद एक नई ईरानी सटीक–टारगेटेड, मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है जिसका फरवरी 2025 में लॉन्च किया गया था। इसे 1,700 किलोमीटर तक गादा जा सकता है। पुरानी इमाद मिसाइल पर आधारित मिसाइल है। फतह 2 मिसाइल– फतह 2 ईरान द्वारा विकसित एक नई हाइपरसोनिक मिसाइल है, जिसे नवंबर 2023 में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर द्वारा पेश किया गया था। यह फतह 1 का एडवांस वर्जन है, जो हाइपरसोनिक ग्लाइड वाहन तकनीक का उपयोग करता है। राड 500 मिसाइल– राड500 एक ईरानी कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल (एसआरबीएम) है जिसे फरवरी 2020 में लॉन्च किया था। इजरायल के पास आयरन डोम नाम का दुनिया के सबसे एडवांस एयर डिफेंस सिस्टम में से एक है। ईरान की अधिकतर मिसाइलों को यह हवा में ही तबाह कर देता है। ईरान इंतजार में है कि यह डिफेंस सिस्टम कमजोर पड़े और तब वह अपने सबसे खतरनाक मिसाइलों को इजरायल पर भेज सके। इस जंग में दोनों पक्ष एक दूसरे को चकमा देने में लगे हुए हैं, आगे वाले को थका देने की कोशिश कर रहे हैं। ईरान अपनी सर्वश्रेष्ठ मिसाइलों को बर्बाद नहीं करना चाहता अगर उन्हें इजरायल के एरो और डेविड के स्लिंग एंटी बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम द्वारा मार गिराया जाएगा। वहीं इजरायल भी अपनी ओर आती उन मिसाइलों पर इंटरसेप्टर मिसाइल बर्बाद नहीं करना चाहता जो नुकसान नहीं पहुंचाएंगी. फाइनेंसियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार विश्लेषकों का कहना है कि ईरान अपने मिसाइलों के जखीरे को बचा रहा है, और संभवतः अभी भी उसके पास सैकड़ों मिसाइलें हैं।

# नशीला पदार्थ खिलाकर हत्या करने के दोषी को उम्रकैद

## – अपर जिला जज वीरेंद्र नाथ पाण्डेय ने सुनाया फैसला

न्यूज वाणी ब्यूरो


ST no.-195/21, राज्य प्रति बुधई बहेलिया
Cri.No.-220/2021, थाना ईसानगर
U/S-328,302 IPC, जिला खीरी
ता०नि०-30.03.2026

लखीमपुर–खीरी। जनपद की एक अदालत ने हत्या और नशीला पदार्थ खिलाकर अपराध करने के एक गंभीर मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (कोर्ट संख्या–04) वीरेंद्र नाथ पाण्डेय की अदालत ने अभियुक्त बुधई बहेलिया को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि समाज में जघन्य अपराध करने वालों के लिए कानून में कोई रियायत नहीं है। इस पूरे मामले की न्यायिक प्रक्रिया के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील (।क्लब) संदीप मिश्रा ने बेहद प्रभावी पैरवी की। संदीप मिश्रा ने अदालत के समक्ष चश्मदीद गवाहों, फॉरेंसिक साक्ष्यों और पुलिस की केस डायरी के महत्वपूर्ण अंशों को मजबूती से रखा। उन्होंने अपनी दलीलों में सिद्ध किया कि अभियुक्त ने न केवल व्यक्ति की हत्या की, बल्कि उससे पहले उसे जहरीलाध्नशीला पदार्थ खिलाकर असहाय भी बनाया था। सरकारी वकील की इन दलीलों को आधार मानते हुए कोर्ट ने अभियुक्त को कड़ी सजा का पात्र माना। यह मामला वर्ष 2021 का है, जो थाना ईसानगर में मुकदमा अपराध संख्या 220ध्2021 के रूप में दर्ज हुआ था। अभियुक्त बुधई बहेलिया, जो कि मूल रूप से ग्राम पृथ्वीपुर, थाना मोतीपुर (जिला बहराइच) का निवासी है, पर आईपीसी की धारा 328 और 302 के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया था। माननीय न्यायाधीश वीरेंद्र नाथ पाण्डेय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था, जिसे आज सुनाया गया और दोषी को आजीवन कारावास और 30,000 रुपये के अर्थदंड की सजा। अर्थदंड न देने पर 6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास। अदालत ने आदेश दिया कि अभियुक्त द्वारा जेल में बिताई गई पिछली अवधि को सजा में समायोजित किया जाए और सभी मुख्य सजाएं एक साथ चलेंगी। फैसले के बाद संदीप मिश्रा ने बताया कि न्याय की जीत हुई है और अपराधी को उसके .त्य की सही सजा मिली है। आदेश की प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु भेज दी गई है।

# अमीरूल मोमिनीन इंटर कॉलेज में बटे रिपोर्ट कार्ड

## – शानदार नतीजे देख खिले बच्चों व अभिभावकों के चेहरे

न्यूज वाणी ब्यूरो

कस्बा खीरी। कस्बा खीरी में स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अमीरूल मोमिनीन इंटर कॉलेज में सोमवार को परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर 11वीं तक के छात्र–छात्राओं को उनके वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। साल भर की कड़ी मेहनत का शानदार फल पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से



खिल उठे, वहीं अपने बच्चों की सफलता देखकर अभिभावकों के चेहरों पर भी गर्व और खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणरू उत्साह से भरा माहौलरू सुबह से ही विद्यालय परिसर में बच्चों और अभिभावकों की भारी भीड़ देखने को मिली। जैसे ही शिक्षकों ने रिपोर्ट कार्ड बांटने शुरू किए, बच्चों में अपना परिणाम देखने की होड़ मच गई। अच्छे अंक पाकर बच्चे खुशी से झूमते नजर आए। पूर्व चेयरमैन का संबोधनरू इस महत्वपूर्ण अवसर पर नगर पंचायत खीरी के पूर्व अध्यक्ष गुफरान अहमद ने कार्यक्रम में विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने सफल छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। अपने भाषण में उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यही बच्चे कल का भविष्य हैं और सच्ची लगन से हासिल की गई शिक्षा ही सफलता की असली कुंजी है। शिक्षकों का आशीर्वादरू अमीरूल मोमिनीन इंटर कॉलेज के सभी शिक्षकों और स्टाफ ने बच्चों को उनकी इस शानदार कामयाबी पर बधाई दी। शिक्षकों ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अगली कक्षाओं में और भी अधिक मेहनत व लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधक समिति और विद्यालय प्रशासन ने इस मौके पर अभिभावकों का भी आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से बच्चों ने यह मुकाम हासिल किया है। कार्यक्रम का समापन एक सकारात्मक ऊर्जा और नई उम्मीदों के साथ हुआ, जहां सभी बच्चे अपनी नई कक्षाओं में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार नजर आए।

# भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी की बड़ी कार्रवाई

## – 7.96 लाख के अखरोट व साइकिलें जब्त

न्यूज वाणी ब्यूरो



बहराइच। सशस्त्र सीमा बल की 59 वाहिनी ने भारत–नेपाल सीमा पर तस्करी की एक बड़ी कोशिश को नाकाम करते हुए लाखों रुपये के अवैध सामान को जब्त किया है। यह कार्रवाई नानपारा क्षेत्र में तैनात 59वीं वाहिनी की जी कंपनी के जवानों द्वारा की गई। जानकारी के अनुसार, बलईगांव के अंतर्गत सीमा चौकी फुट्टा पर तैनात एसएसबी टीम को सीमा पार से तस्करी की सटीक खुफिया सूचना मिली थी। इसके आधार पर 29 मार्च की रात विशेष नाका लगाया गया। रात लगभग 02.40 बजे, सीमा स्तंभ संख्या 662/1 के पास, भारतीय सीमा के करीब 618 मीटर अंदर जवानों ने कुछ संदिग्ध लोगों को नेपाल की ओर से साइकिलों पर भारी बोरे लाते हुए देखा। जवानों द्वारा रुकने की चेतावनी दिए जाने पर तस्कर घबराकर सामान और साइकिलें छोड़कर वापस नेपाल की ओर भाग गए। तलाशी लेने पर बोरों में अखरोट भरे पाए गए, जिन्हें अवैध रूप से भारत लाया जा रहा था। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर मौके से फरार हो गए, जिससे किसी की गिरतारी नहीं हो सकी।

# एडीएम ने विपणन शाखा गेहूं क्रय केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। अपर जिलाधिकारी वि0रा0 दिनेश कुमार ने रबी विपणन वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत विपणन शाखा गेहूँ क्रय केन्द्र जंगीपुर मण्डी एवं भारतीय खाद्य निगम जंगीपुर मण्डी का औचक निरीक्षण किया। मौके पर रामगोपाल यादव, विपणन निरीक्षक, नेहा कुशवाहा, टी0ए0–2 भा0खा0नि0, ज्योति प्रकाश त्रिपाठी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, हनुमान यादव, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी एवं अनुराग पाण्डेय, जिला खाद्य विपणन अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान केन्द्र पर बैनर लगा हुआ पाया गया, जिसमें समर्थन मूल्य एवं टोल फ्री का अंकन प्रदर्शित है। केन्द्र पर किसानों के सुख–सुविधा हेतु उनके बैठने एवं पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध है। केन्द्र पर गेहूँ की सफाई हेतु विनोईंग फैन, दो जाली छलना, नमी मापक यंत्र, पावर क्लीनर, पॉवर डस्टर उपलब्ध है। केन्द्र पर उपलब्ध इलेक्ट्रानिक कांटो का बाट–माप विभाग द्वारा सत्यापन हुआ पाया गया। केन्द्र पर गेहूँ का मानक नमूना प्रदर्शित है। केन्द्र पर खरीद हेतु 05 गांठ पी0पी0 बोरे उपलब्ध है। वर्षा से गेहूँ की सुरक्षा हेतु क्रेट्स एवं त्रिपाल की व्यवस्था उपलब्ध है। गेहूँ से भरे बोरों पर निर्धारित कोड का अंकन पाया गया। केन्द्र पर खरीद से सम्बन्धित समस्त अभिलेख उपलब्ध है। केन्द्र पर किसानों का वायोमैट्रिक प्रमाणीकरण द्वारा गेहूँ की खरीद किये जाने हेतु ई–पॉप मशीन उपलब्ध है। केन्द्र पर ई–उपार्जन के माध्यम से खरीद हेतु लैपटाप व इण्टरनेट कनेक्शन उपलब्ध है। केन्द्र पर गेहूँ खरीद हेतु नियुक्त हैण्डलिंग ठेकेदार द्वारा पर्याप्त श्रमिक की उपलब्धता की गयी है। केन्द्र पर गेहूँ की आवक शून्य रहा है। अपर जिलाधिकारी ने गेहूँ खरीद के सम्बन्ध में निर्देश दिया कि केन्द्र पर गेहूँ की आवक होने पर नियमानुसार गेहूँ की खरीद सुनिश्चित किया जाये, ब्लॉक क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित ग्रामों में जाकर, अधिकाधिक किसान भाईयों से सम्पर्क करते हुए गेहूँ खरीद में तेजी लाया जाये। गेहूँ विक्रय हेतु किसानों को प्रोत्साहित करते हुए सहयोगात्मक रूप से तेजी से गेहूँ क्रय किया जाये। किसी भी केन्द्र से किसानों को अनावश्यक वापस नहीं किया जायेगा। सभी केन्द्र प्रभारियों द्वारा किसानों से शिष्टाचार पूर्वक व्यवहार किया जायेगा। अन्यथा की स्थिति में शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होन कहा कि किसान अपनी सुविधा के अनुसार अपने जनपद के किसी भी केन्द्र पर अपना गेहूँ बेच सकेगा। .षक का गेहूँ निर्धारित मानक के अनुरूप न होने पर यदि गेहूँ की छनाई एवं सफाई की आवश्यकता समझी जाती है, तो गेहूँ की उतराई, छनाई एवं सफाई का कार्य .षक स्वयं कर सकेंगे। यदि क्रय केन्द्रों पर गेहूँ की उतराई, छनाई एवं सफाई का कार्य केन्द्र पर उपलब्ध श्रमिकों द्वारा किया जाता है, तो .षक द्वारा श्रमिकों से कराने पर वास्तविक व्यय के आधार पर वार्ता कर समझौतों के अनुरूप अथवा अधिकतम रू0 20 प्रति कु0 की दर से भुगतान किया जायेगा। कहा कि इस निमित्त .षक को रू0 20 प्रति कु0 की दर से पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से उसके बैंक एकाउन्ट में प्रतिपूर्ति क्रय एजेन्सी द्वारा किया जायेगा। यह भुगतान गेहूँ के समर्थन मूल्य के अतिरिक्त होगा। उन्होने कहा कि गेहूँ के अवैध संचरण की कड़ी निगरानी किया जाये। सभी केन्द्र प्रभारी बैनर में अंकित अपना मो0नम्बर खरीद अवधि में ऑन रखेंगे। जनपद मुख्यालयध्तहसील मुख्यालय से रैण्डम आधार पर इसका सत्यापन कराया जायेगा। यदि मो0नम्बर बन्द पाया गया, तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। सभी क्रय केन्द्र निर्धारित अवधि पूर्वान्ह 09:00 से सायं 06:00 बजे तक खुले रहेंगे। निर्धारित अवधि में केन्द्र प्रभारी द्वारा अपना लाइव लोकेशन प्रेषित किया जायेगा। मण्डी समिति कांटो की रिपेयरिंग के लिए मैकेनिक नामित करेगी तथा उसका नम्बर सभी को उपलब्ध करायेगी। किसी भी यंत्र के खराब होने की स्थिति में केन्द्र प्रभारी इसकी सूचना मण्डी सचिव को देंगे। मण्डी सचिव वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। किसी भी दशा में ऑफलाइन कोई कार्य स्वीकार्य नहीं होगा। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। केन्द्र पर क्रय होने वाले गेहूँ का त्वरित गति से भारतीय खाद्य निगम डिपो में प्रेषण करते हुए, डिपो द्वारा स्वी.त गेहूँ का लेखा कार्यालय को शतप्रतिशत बिलिंग किये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होन ने जनपद के किसान भाईयों से अपील किया कि गेहूँ क्रय 2026–27 में किसान पंजीकरण सत्यापन की व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है।

# संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से गंगा अवतरण नृत्य-नाटिका की भव्य प्रस्तुति

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। आर्ट्स एंड कल्चरल सोसाइटी कल्याणपुर रंगमंडल द्वारा प्रस्तुत गंगा अवतरण नृत्य–नाटिका ने दर्शकों के मन को मोह लिया। भव्य प्रस्तुति संस्.ति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से कामना बिष्ट के निर्देशन में किया गया। जिनके कुशल निर्देशन में कलाकारों ने माँ गंगा के दिव्य अवतरण को मंच पर सजीव कर दिया। कार्यक्रम मोहन सिंह बिष्ट सभागार कुर्मांचल नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शांति एवं समर्पण के भाव से जुड़े कलाकारों में रोहित, शोभा, गर्गी घुघट्याल, स्नेहा बिष्ट, लाल सिंह बिष्ट, विजय सिंह बिष्ट, पूजा, महेंद्र सिंह नेगी, धर्मेंद्र सिंह, अंद्रि बिष्ट, कनिष्का बिष्ट, नित्या अवस्थी, प्रिया, वेदांत बिष्ट, यशस्वी, पार्थ वाई तथा अनन्या ने अपनी



उत्.ष्ट प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष रूप से भोलेनाथ की भूमिका अत्यंत प्रभावशाली रही। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। नृत्य, अभिनय, संगीत और भाव–प्रदर्शन का अद्भुत समन्वय इस नाटिका की खास विशेषता रहा। माँ गंगा के पृथ्वी पर अवतरण की कथा को कलाकारों ने इतनी भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया कि उपस्थित दर्शक भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम के दौरान सभागार में उपस्थित गणमान्य अतिथियों एवं दर्शकों ने प्रस्तुति की भूरि–भूरि प्रशंसा की और कलाकारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की निर्देशक कामना बिष्ट ने सभी अतिथियों, सम्मानित दर्शकों एवं कलाकारों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। यह सांस्.तिक प्रस्तुति न केवल मनोरंजन का माध्यम बनी, बल्कि भारतीय संस्.ति और आध्यात्मिक परंपरा के प्रति लोगों में श्रद्धा और जुड़ाव को भी सु.ढ़ करने का कार्य किया।

# सीडीओ कक्ष में आयोजित हुई संचारी रोग अभियान की द्वितीय बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय कक्ष में विशेष में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की तैयारियों के लिए जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की द्वितीय बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सीडीओ ने एक अप्रैल शुरू होने वाले अभियान की तैयारियों और अब तक की गई गतिविधियों की गहन समीक्षा की। बैठक में सीडीओ ने स्वास्थ्य विभाग समेत विभिन्न विभागों को माइक्रोप्लान के अनुसार अभियान की शत–प्रतिशत मॉनिटरिंग करने और अभियान को सफल बनाने के लिए निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि पिछले अभियानों के दौरान नगर के जिन क्षेत्रों में मॉनिटरिंग नहीं हुई है उन क्षेत्रों में विशेष रूप से जोर दिया जाए। इसके लिए एक–एक जांच अधिकारी को नामित कर अभियान से जुड़ी गतिविधियों की शत–प्रतिशत मॉनिटरिंग की जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) को निर्देशित किया कि वार रूम में प्रत्येक ब्लॉक के लिए एक–एक अधिकारी नामित किया जाए जो हर ब्लॉक की गतिविधियों की मॉनिटरिंग कर सके और इसकी प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रेषित करना सुनिश्चित करे। बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) को निर्देशित किया कि हर विद्यालय व स्कूल में माइक्रोप्लान के अनुसार एक–एक नोडल अधिकारी नामित कर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएं। साथ ही इसकी प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रेषित की जाए। स्वास्थ्य विभाग के जिला सामुदायिक प्रक्रिया प्रबन्धक (डीसीपीएम) को निर्देशित किया कि प्रत्येक ब्लॉक के सामुदायिक प्रक्रिया प्रबन्धक (बीसीपीएम) से समन्वय बनाकर सामुदायिक गतिविधियों की मॉनिटरिंग करें। साथ ही प्रतिदिन की रिपोर्ट भी प्रेषित करना सुनिश्चित करें। आईसीडीएस विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) को निर्देशित किया कि वह स्वास्थ्य विभाग के साथ बेहतर समन्वय बनाकर अभियान की गतिविधियों और कार्यक्रमों में सहयोग करें। सीडीओ ने समस्त विभागों को निर्देशित किया कि अभियान में किसी तरह की लापरवाही क्षम्य नही होनी होगी। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों खासकर उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में साफ–सफाई, एंटी लार्वा छिड़काव, फॉगिंग, नालियों की साफ–सफाई, जल जमाव की स्थिति व गंदगी पैदा न होने देना आदि जनमानस से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण पर विशेष रूप से जोर दिया जाना चाहिए। अंत में उन्होंने कहा कि इस अभियान की सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग समेत विभिन्न विभागों के बीच आपसी तालमेल होना बहुत जरूरी है। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) डॉ जे एन सिंह ने संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की समस्त कार्य योजना के बारे में जानकारी दी। साथ ही जिला मलेरिया अधिकारी (डीएमओ) मनोज कुमार ने अब तक की गई तैयारियों व गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत बच्चों, गर्भवती व धात्री महिलाओं के सुपोषण के लिए कार्यक्रम संचालित किए जाए। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका , स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस विभाग, .षि विभाग, बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग, जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक अप्रैल से शुरू होगा संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान

## - भदौरा ब्लॉक में तैयारियां तेज

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई। तहसील क्षेत्र के भदौरा ब्लॉक सभागार में सोमवार को संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी के.के. सिंह ने की। आगामी 1 अप्रैल से शुरू होने वाले अभियान को सफल बनाने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक में ग्राम प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक, सफाई कर्मचारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी–कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। खंड विकास अधिकारी के.के. सिंह ने कहा कि संचारी रोग समाज के लिए गंभीर चुनौती बने हुए हैं। मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए इस बार अभियान को मिशन मोड में चलाया जाएगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अभियान के प्रमुख उद्देश्य अभियान के तहत मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया समेत अन्य संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाएगा। टीमों द्वारा घर–घर जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा तथा मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। गांवों में सफाई व्यवस्था को सु.ढ़ करने के साथ ही जलभराव वाले स्थानों की साफ–सफाई और लार्वा नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिम्मेदारियां तय, रिपोर्टिंग होगी सख्त बैठक में क्षेत्रवार जिम्मेदारियों का स्पष्ट निर्धारण किया गया। प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए अलग–अलग टीमें गठित की गई हैं, जिनमें पंचायत सहायक, सफाई कर्मचारी और आशा कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। सभी टीमों को प्रतिदिन शाम तक अपनी रिपोर्ट जमा करनी होगी, जबकि साप्ताहिक समीक्षा बैठक भी आयोजित की जाएगी। खंड विकास अधिकारी ने चेतावनी दी कि लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घर–घर पहुंचेगी टीम, लार्वा की होगी जांच



1 अप्रैल से शुरू होने वाला यह अभियान पूरे भदौरा ब्लॉक के गांवों में घर–घर दस्तक देगा। टीमें लोगों को जागरूक करने के साथ–साथ मच्छरों के लार्वा की जांच भी करेंगी। ठहरे पानी, गंदगी और खुले में शौच जैसी समस्याओं के समाधान के लिए मौके पर ही कार्रवाई की जाएगी। खंड विकास अधिकारी ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि लोग अपने घरों के आसपास साफ–सफाई रखें, पानी जमा न होने दें और अभियान में सहयोग करें। यह अभियान स्वास्थ्य विभाग के निर्देशन में जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर एडीओ पंचायत सुरेश प्रसाद, एडीओ आईएसबी जगदीश केशरी, सचिव पवन सिंह, कमलकांत सिंह, जोखन कुशवाहा, नितेश कुमार, समीर राय, सौरभ मिश्रा, आलोक पाण्डेय, विमलेश प्रजापति, अनुरोध कुमार वर्मा, नगिना राम, मनीष यादव, आफताब खान, जहांगीर अंसारी, रियाज खान सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव का हुआ स्वागत

## – सरकार की नीतियों पर साधा निशाना

न्यूज वाणी ब्यूरो



मऊ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सैय्यद नासिर हुसैन का रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय, बुनकर कॉलोनी में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याएं आज देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता के हितों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी जनता की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और जनसमस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी मऊ के अध्यक्ष राजमंगल यादव ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया और कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता एक जुट हो कर पार्टी की नितियों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे और आगामी पंचायत चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में ओमप्रकाश ठाकुर उदय प्रताप राय प्रमोद सिंह मनोज गिहार हफिजुरहमान महेंद्र सोनकर नजीर अहमद शिवाजी कन्नौजिया शोहेल अहमद सच्चितानंद सुरेश राजभर मोती राम त्रिभुवन भारती महक पांडेय सरोज पांडेय संजय चौहान अर्शद नोमानी अभिषेक भारती अमरेश यादव अनिल रेयाज अमृत मल सहित सैकड़ों कांग्रेस उपस्थित रहे।

# जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राइवेट स्वास्थ्य केंद्रों में हुए संस्थागत प्रसव की समीक्षा के दौरान विकासखंड परदहा एवं बड़रॉव में संस्थागत प्रसव में कमी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित एमओआईसी को इसमें सुधार लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य



केंद्रों में प्रसव के बाद 21 दिन के अंदर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्राइवेट स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव होने के उपरांत उसकी सूचना देने के साथ ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के भी निर्देश दिए जिससे कि जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जा सके। जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत ब्लॉकवार आशा भुगतान की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा के दौरान सभी आशाओं का माह फरवरी 2026 तक भुगतान पूर्ण पाया गया। राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट में जिस विकास खंड में अभी तक शत् प्रतिशत टीकाकरण कार्यक्रम पूर्ण नहीं हुआ है उसको पूर्ण कराने के निर्देश दिए। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड बनने की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिन पात्र लाभार्थियों का गोल्डन कार्ड अभी तक नहीं बना है उसको बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 102 नेशनल एंबुलेंस सेवा में शहरी क्षेत्र में काल समाप्त होने पर 20 मिनट एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 30 मिनट में एंबुलेंस को रोगी तक पहुंच जाने के भी निर्देश दिए। 108 इमरजेंसी मेडिकल ट्रांसपोर्ट सर्विससेज एंबुलेंस सेवा की स्थिति में काल समाप्त होने के 15 मिनट के अंदर एंबुलेंस को रोगी तक पहुचाएं। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एफआरयू की मासिक रिपोर्ट, परिवार नियोजन कार्यक्रम, टीकाकरण, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, आरबीएस के कार्यक्रम, पोषण पुनर्वास केंद्र जिला चिकित्सालय की प्रगति, रक्त कोष रिपोर्ट आदि पर समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं डॉक्टर उपस्थित रहे।

# विकास व सेवा के संकल्प के साथ कलेक्ट्रेट में वितरित हुए नियुक्ति पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को सु.ढ़ करने की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव एवं भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य द्वारा जनपद की नवचयनित 13 आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों एवं 899 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सरकार की योजनाओं और आम जनता के बीच की सबसे मजबूत कड़ी हैं। बच्चों के शुरुआती विकास, पोषण और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी आपके कंधों पर है। आशा है कि आप पूरी निष्ठा के साथ एक स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना योगदान देंगी। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों को नवनियुक्त कर्मियों को शीघ्र ही विभागीय कार्यों और तकनीकी पोषण ट्रैकर ऐप आदि के प्रशिक्षण हेतु निर्देशित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य ने केंद्र व राज्य सरकार की मंशा स्पष्ट करते हुए कहा कि पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से योग्य अभ्यर्थियों को अवसर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश का अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी मुख्यधारा से जुड़ रहा है। इन नियुक्तियों से ग्रामीण स्तर पर बाल विकास सेवाओं को नई गति मिलेगी। जिलाध्यक्ष द्वारा सभी लाभार्थियों के चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में महिलाओं को रोजगार मिलने से महिला स्वावलंबन को बल मिलेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि शेष अभ्यर्थियों को विकास खण्डवार ध परियोजनावार नियुक्ति पत्र चयनित अभ्यर्थियों की सूची विकास भवन मऊ तथा सभी विकास खंड कार्यालय एवं सीडीपीओ कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा है। मूल अभिलेख सत्यापन में उपस्थित अभ्यर्थी अपना रिजल्ट 31 मार्च 2026 को जाकर देख लें। उन्होंने बताया कि विकास खंड घोसी, दोहरीघाट, बड़रांव, परदहां एवं कोपागंज का नियुक्ति पत्र का वितरण 01 अप्रैल को, रतनपुरा, शहर एवं मोहम्मदाबाद गोहना का 02 अप्रैल को तथा रानीपुर एवं फतेहपुर मण्डाव का नियुक्ति पत्र 04 अप्रैल 2026 को प्रातः 10रू00 बजे से सायं 5रू00 तक चयनित अभ्यर्थी ही निर्धारित तिथि पर नियुक्ति पत्र लेने जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय विकास भवन में आकर प्राप्त करेंगे। उक्त अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी संदीप गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार, जिला .षि अधिकारी सोम प्रकाश गुप्ता, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित भारी संख्या में चयनित लाभार्थी उपस्थित रहे।

# डीएम ने जिला पर्यावरण, वृक्षारोपण व गंगा समिति की ली बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो
फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला पर्यावरण, जिला वृक्षारोपण, जिला गंगा समिति की बैठक संपन्न हुई,



इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद को हरित जनपद के रूप में स्थापित करने हेतु विशेष अभियान चलाना और इस हेतु सु.ढ़ कार्य योजना तैयार करना बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने अवगत कराया कि इस वर्ष जनपद में 57 लाख पौधे तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, इसके लिए पौधशाला तैयार करने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य जारी है, जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए की सभी विभाग अपने स्तर पर पौधारोपण हेतु आवश्यक भूमि चयनित करें और उसकी सूची तत्काल उपलब्ध कराए, जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि केवल बड़ी नर्सरी ही नहीं बल्कि छोटी–छोटी नर्सरींयों से भी निरंतर संपर्क बनाए रखा जाए, ताकि पौधों की गुणवत्ता और उपलब्धता सुनिश्चित हो सके, जिलाधिकारी ने हाइवे के किनारे पर भी वृक्षारोपण कर उन्हें हरा भरा बनाने के निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में 15 से 20 मॉडल तैयार किया जाए, जो अन्य क्षेत्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनें, जिलाधिकारी ने जिला वनाधिकारी को निर्देशित किया कि जिला पंचायत राज अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर तत्काल ग्राम गंगा समिति का गठन करें। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा लक्ष्य जनपद को पूर्णतः हरित बनाना है यह केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि जन आंदोलन होने चाहिए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, बैठक के दौरान जिला वनधिकारी आदि उपस्थित रहें।

# जुआं खेलते अलग-अलग स्थानों से तीन गिरफ्तार

## – 4350 रूपये व 52 पत्ता ताश बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो
फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु जनपद मे चलाये जा रहे सघन चेकिंग अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के




पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर रासपुर से पमारी जाने वाले कच्चे रास्ते से नईम खान पुत्र हबीब खान निवासी ग्राम पमारी थाना पचोखरा, श्याम सिंह पुत्र राकेश कुमार निवासी पमारी थाना पचोखरा, रिंकू पुत्र गया प्रसाद निवासी नगला गोला थाना टूण्डला को जुआ खेलते समय गिरतार किया गया हैं। अभियुक्तगण के कब्जे से 4350 रूपये व 52 पत्ता ताश बरामद किये गये।

# अनफिट स्कूली वाहनों के साथ ओवरलोड वाहनों पर करें कड़ी कार्यवाही : कमिश्नर

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ब्लैक स्पाट पर साइनेज,रिफलेक्टिंग पेंटिंग एवं अन्य आवश्यक उपाय किये जाने के साथ कमिश्नर ने स्कूलों में चल रहे अनफिट वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल अजीत कुमार की अध्यक्षता में मण्डलीय सड़क सुरक्षा



समिति की बैठक आयुक्त कार्यालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने जीरो फैटिलिटी डिस्ट्रिक के अन्तर्गत कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए राजापुर में दुर्घटना वाले स्थल पर आवश्यक कार्यवाही एवं साइनेज लगाये जाने के निर्देश दिये। स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच एवं सत्यापन के सम्बन्ध में जिला स्तर एवं स्कूल स्तर पर गठित कमेटी के द्वारा जिन स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच पूरी नही है, ऐसे वाहनों का संचालन पर रोक लगाये जाने का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने मण्डल के जनपदों में चिन्हित ब्लैक स्पाटों पर लोक निर्माण विभाग,एनएचआई एवं सम्बन्धित विभागों के द्वारा ब्लैक स्पाट पर साइनेज, रिफलेक्टिंग पेंटिंग एवं अन्य आवश्यक उपाय किये जाने के निर्देश दिये, जिससे सडक दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। कमिश्नर ने एनएचआई के द्वारा कानपुर से कबरई मार्ग की मरम्मत कराये जाने तथा हो रही सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने इमरजेन्सी केयर सुविधाओं में एम्बुलेन्स के दुर्घटना स्थल पर पहुंचने का रिसपान्स टाइम अधिकतम पन्द्रह मिनट किये जाने तथा चिकित्सालयों में निरीक्षण कर कमियों का निराकरण किये जाने के निर्देश दिये।ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध कडी कार्यवाही किये जाने एवं हाई स्पीड वाहनों पर नियंत्रण रखने हेतु सभी सम्भागीय परिवहन अधिकारियों को स्पीड लिमिट निर्धारित करने के निर्देश दिये। विभिन्न राजमार्गों के क्षतिग्रस्त होने पर मरम्मत किये जाने के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग एवं एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया। मार्गों में अवैध पार्किंग को हटाये जाने के निर्देश दिये। प्रमुख मार्गों पर चेतावनी एवं संकेतक बोर्ड लगाये जाने तथा बिना सीटबेल्ट एवं बिना हेलमेट के दो पहिया वाहनों का संचालन रोके जाने हेतु सघन चेकिंग अभियान संचालित करने के निर्देश दिये। उन्होंने ब्लैक स्पाटों पर विशेष नजर रखने एवं सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। राजमार्ग के किनारे एवं विद्यालयों के पास मदिरा की दुकानों के व्यवस्थापन कराये जाने हेतु भी निर्देशित किया। बैठक में के0डी0सिंह परिवहन आयुक्त,उदयबीर सिंह सचिव मण्डलीय सड़क सुरक्षा समितिध आरटीओ प्रवर्तन, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज,मण्डल के समस्त एआरटीओ, लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार पीड़ित महिलाओं को दे रही निःशुल्क आवासीय सुविधा

न्यूज वाणी ब्यूरो
बहराइच। हमारे संविधान और उसकी प्रस्तावना में, मूल अधिकार, मूल कर्तव्य और नीति निर्देशक तत्वों में भी नागरिकों की समानता निहित हैं, जिसके फलस्वरूप इस देश में लैंगिक भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं है। संविधान न केवल महिलाओं को समानता का अधिकार देता है, बल्कि राज्यों को यह अधिकार देता है कि समानता लाने के लिए वह महिलाओं के प्रति सकारात्मक विभेदीकरण की योजनायें बना सकते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में महिलाओं को विभिन्न विकास सम्बन्धी कार्यक्रमों से सम्बद्ध करके उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति सुधारने में मदद करने के उद्देश्य से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने महिला सशक्तीकरण मिशन के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए कई योजनायें संचालित कर उनका उत्थान किया है। हब फार इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन इस योजना का उद्देश्य महिलाओं ने सम्बन्धित विभिन्न मुद्दों जैसे–घरेलू हिंसा, दहेज, शिक्षा, स्वास्थ्य, अधिकार, जेंडर, यौन हिंसा आदि के संबंध में जागरूकता लाना है। ग्रामीण महिलाओं और किशोरियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग करना, योजना के संचालन के लिए प्रदेश स्तर पर 8 एवं प्रत्येक जनपद में 07 कार्मिकों का करना प्रमुख है। इस योजना की प्रमुख गतिविधियों में महिलाओं की लिए उपलब्ध योजनाओं और सुविधाओं के संबंध में महिलाओं को जानकारी प्रदान करना तथा उनका लाभ प्राप्त करने में सहायता करना है। इस योजना के अन्तर्गत जिला ब्लॉक स्तर पर सरकारी पदाधिकारियों को संवेदनशील बनाना और उन्हें ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बनाई गई विभिन्न योजनाओंध्कार्यक्रमों के बारे में उन्मुख करना, लैंगिक समानता के लिए जमीनी स्तर पर जागरूकता अभियान आयोजित किया जाता है। बीपीएल सर्वेक्षण, आधार (यूआईडी), मनरेगा, नामांकन जैसे मौजूदा सरकारी तंत्रों के माध्यम से सरकारी कार्यक्रमों में नामांकन हेतु महिलाओं को सहायता प्रदान किया जाता है। शौर्य दल जैसे समूहों में शामिल होने के लिए महिलाओं को एकजुट करना और ग्रामीण स्तर पर मौजूदा समूहों को मजबूत करने में मदद करना आदि प्रमुख कार्य है। प्रदेश में यह योजना वित्तीय वर्ष 2022–23 से संचालित है, इस योजना में 2022–23 से 2025–26 तक कुल 51 हजार से अधिक गतिविधियों के माध्यम से 56 लाख से अधिक महिलाओं तथा बालिकाओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया है। सखी निवास उत्तर प्रदेश में कामकाजी महिलाओं को शहरी–नगरीय क्षेत्रों में सस्ती दरों पर सुरक्षित आश्रय प्रदान किये जाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति योजनान्तर्गत राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के जनपद गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, आगरा, बरेली, मेरठ, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, मऊ, मथुरा एवं बुलन्दशहर में 50–50 की क्षमता के कुल 13 सखी निवास का संचालन किये जाने का प्रावधान किया गया है, जिसमें से जनपद लखनऊ एवं वाराणसी में संचालन प्रारम्भ हो गया है तथा शेष में संचालित किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। शक्ति सदन मिशन शक्ति योजना की उप योजना सामर्थ्य के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा विभाग के माध्यम से 11 जनपदों अलीगढ़, आजमगढ़, कानपुर नगर, चित्रकूट, झांसी, गोंडा, बस्ती. मिर्जापुर, वाराणसी एवं सहारनपुर में एक–एक तथा जनपद मथुरा में 04 शक्ति सदन का संचालन किया जाने की व्यवस्था है, जिसमें से जनपद अलीगढ़, कानपुर नगर, झॉसी, गोण्डा, मिर्जापुर एवं सहारनपुर में संचालन प्रारम्भ हो गया है तथा शेष में संचालित किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। .ष्ण–कुटीर जनपद मथुरा में निराश्रित महिलाओं को आश्रय प्रदान करने के उद्देश्य से 1000 की क्षमता के .ष्ण कुटीर आश्रय सदन, वृन्दावन का संचालन वर्ष 2018–19 से महिला कल्याण निगम के माध्यम से किया जा रहा है। इस आश्रय सदन में निराश्रित महिलाओं को निःशुल्क भरण–पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, वस्त्र, विस्तर आदि की व्यवस्था है। साथ ही आवासित महिलाओं की काउन्सिलिंग कर उनके परिवारधरिश्तेदार के साथ पुनर्वासित कराया जाता है। जनपद मथुरा में निराश्रित महिलाओं हेतु वृन्दावन, जनपद मथुरा में संचालित .ष्ण कुटीर आश्रय सदन में वर्तमान में 386 से अधिक महिलाएं निवासरत हैं। राजकीय महिला शरणालय महिला कल्याण विभाग के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु प्रदेश में राजकीय महिला शरणालय–संरक्षण गृह का संचालन किया जा रहा है, जिसमें भारतीय दण्ड संहिता में वांछित साक्ष्य हेतु प्रस्तुत की जाने वाली पीड़ित महिलाओं, घरेलू हिंसा संरक्षण अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत पीड़ित महिलाओं, भटकी हुई नैतिक संकट से ग्रसित संरक्षण की आवश्यकता वाली एवं जरूरतमंद महिलाओं को रखे जाने का प्राविधान है। इन गृहों में महिलाओं को निःशुल्क भरण–पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, वस्त्र, बिस्तर, कौशल विकास प्रशिक्षण आदि की व्यवस्था है। इस योजना के अन्तर्गत वर्तमान में प्रदेश के 08 जनपदों में राजकीय महिला शरणालय, 01 जनपद–यथा आगरा में राजकीय संरक्षण गृह (महिला) तथा 01 जनपद– यथा बरेली में मानसिक रूप से अविकसित महिलाओं के प्रकोष्ठ का संचालन किया जा रहा है। इन शरणालयों में वर्तमान में भिन्न–भिन्न समस्याओं से पीड़ित 248 संवासिनी एवं उनके 24 बच्चे आवासित है।

# नवनियुक्तआंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किये नियुक्ति पत्र

## - मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

न्यूज वाणी ब्यूरो
बहराइच। सुपोषित उत्तर प्रदेश सशक्त भारत के उद्देश्य से निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत नवचयनित 18,440 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियोंध्सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र, 69,804 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियोंध्मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन का वितरण, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को 02 लाख से अधिक ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस का वितरण तथा रू. 450 करोड़ की लागत से निर्मित 3,170 आंगनवाड़ी केंद्र भवनों एवं 140 बाल विकास परियोजना कार्यालय भवनों के लोकार्पणधशिलान्यास के उद्देश्य से लोकभवन में मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में सजीव प्रसारण किया गया। आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा व अन्य अतिथियों के साथ मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना हुजूरपुर, चित्तौरा व रिसिया हेतु नवनियुक्त 230 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र तथा परियोजना क्षेत्र नगर की 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रतिकात्मक रूप से मोबाइल का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में 1376 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का चयन किया गया है। पयागपुर व विशेश्वरगंज को छोड़कर शेष समस्त बाल विकास परियोजनाओं अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। समारोह को सम्बोधित करते पूर्व सांसद श्री गोंड ने सभी नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बधाई देते हुए पूरे मनोयोग से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की सीख दी। श्री गोंड ने कहा कि आप लोगों पर बच्चों एवं महिलाओं के पोषण एवं स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। प्रदेश सरकार द्वारा माह अप्रैल से वेतन वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। शीघ्र ही सहायिकाओं एवं मुख्य सेविकाओं को मोबाइल फोन का वितरण भी किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बधाई देते हुए आये हुए अतिथियों का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन सीडीपीओ हुजूरपुर विमल कुमार सिंह ने किया।

# विद्युत विभाग की मनमानी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

## - डीएम के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो
बांदा। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में कचहरी स्थित अशोक स्तंभ चौराहे पर कांग्रेस सहित जनमानस एकत्र हुआ और विद्युत विभाग के विरुद्ध सांकेतिक धरना देते हुए जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंच जमकर सरकार एवं विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने मीडिया से रूबरू होते हुए बतलाया कि जिले के अंदर सत्तासीन भाजपा सरकार के इशारे पर ठेकेदारों के माध्यम से स्मार्ट मीटर लगाने एवं मनमानी विद्युत बिल भेज कर उसके संशोधन के नाम पर प्रत्येक महीने दलालों के माध्यम से विद्युत विभाग की अधिकारियों और कर्मचारियों की मिली भगत से करोड़ों रुपए की वसूली की जा रही है, जिससे जनता का बुरा हाल है।हाल ही में सोची समझी रणनीति के तहत प्रीपेड मीटर की शुरुआत की गई है, जिसका नोटिफिकेशन भी जारी नहीं किया गया न ही उपभोक्ता जितनी बिजली उपभोग करता है उसके बाद बिल आता है लेकिन विद्युत विभाग का कहना है की एडवांस में पैसा जमा करिए उसके बाद बिजली मिलेगी अन्यथा बिजली काट दी जाएगी, आए दिन बिना किसी नोटिस के बिजली कटौती की जा रही है और बिजली जोड़ने के नाम पर कर्मचारी से अधिकारी तक लिप्त हैं। पूर्व में भी इन सब बातों का खुलासा हो चुका है कि किस प्रकार विद्युत विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। उन्होंने तत्काल प्रभाव से जांच कर दोषियों के खिलाफ सत्य से सख्त कार्रवाई की मांग की है। कार्यवाही न होने पर बड़े पैमाने पर जनता के सहयोग से विद्युत विभाग के अधिकारियों का घेराव किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान ने कहा कि भीषण गर्मी अंधाधुंध बिजली की कटौती की जा रही है जिससे जनमानस काफी परेशानी महसूस कर रहा है। एक समय निर्धारित होना चाहिए की बिजली इस समय से इस समय तक कटौती की जाएगी रात में किसी भी दशा में बिजली की कटौती न की जाए साथी जो उपभोक्ता स्मार्ट मीटर या प्रीपेड मीटर नहीं लगवाना चाहता है उसे जबरदस्ती न की जाए यह कानून अपराध है। इस अवसर पर पीसीसी भगवानदीन गर्ग, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इदरीश, द्वारिकेश सिंह यादव मंडेला ने भी संबोधित किया। इस अवसर



पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह, पीसीसी पवन देवी कोरी, प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस आकाश दीक्षित, पूर्व महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमन शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष डॉ संजय द्विवेदी दनादन, बल्देव वर्मा, जिला महासचिव अमित तिवारी, कालीचरण निगम, जिला सचिव हेमन्त कुमार वर्मा, रामकुमार सिंह, कालीचरण साहू, सीमा बाबी, कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्र गुप्ता, धीरेन्द्र पांडेय धीरू, रामसनेही सोनी, के पी सेन, राजबहादुर गुप्ता, अशोक वर्धन कर्ण, आरिफ निजामी, इरफान खान सभासद, ईशू फैज खान, साद खान, सुनील चौरसिया पिप्पी, अशरफ उल्ला खान रम्पा, छेदीलाल धुरिया, ममता, मीरा, .ष्ण कुमार द्विवेदी, आदित्य द्विवेदी, जिला प्रवक्ता राममिलन सिंह पटेल एडवोकेट, जिला वक्ता राजेश गुप्ता पप्पू, गोविन्द नारायण, पिंटू श्रीवास्तव, खालिद नियाजी एडवोकेट, नफीस अहमद, मोहन साहू, दयाराम साहू, गौरीशंकर, लालबाबू राजपूत, शब्बीर सौदागर सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे। कुशल संचालन जिला महासचिवध्मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट ने किया।

# जिले के पर्यटन मानचित्र पर उभरेंगे विकास के नए रंग

## - 50 करोड़ से संवर रहे 20 ऐतिहासिक स्थल

न्यूज वाणी ब्यूरो
बांदा। बुंदेलखंड की सांस्.तिक और ऐतिहासिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए




बांदा जिले में पर्यटन विकास के कार्यों ने रतार पकड़ ली है। योगी सरकार के लगातार प्रयासों से जिले के 20 प्रमुख पर्यटन केंद्रों का आधुनिक कायाकल्प कराया जा रहा है। जिसके लिए लगभग 50 करोड़ रूपये की लागत से महत्वाकांक्षी परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन परियोजनाओं में से 13 महत्वपूर्ण कार्यों को शत–प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। जिससे जिले की धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरें अब नए स्वरूप में नजर आने लगी हैं। जिले के धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों का हुआ कायाकल्प सरकारी आंकड़ों के मुताबिक जिले की सांस्.तिक विरासतों को सहेजने और संवारने के लिए 3 ऐतिहासिक किलों और प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है वहीं अब तक जिन 13 परियोजनाओं का कार्य पूरा हो चुका है उनमें प्रमुख रूप से ग्राम पोण्डरा स्थित पहाडिया दाई, तपोवन बाटिका है। वहीं शहर का बाम्बेश्वर मंदिर, दुन्गरी का हनुमान मंदिर, नरैनी के ग्राम जरर के पहाड में भगवान शिव जी के अतिप्राचीन गुफा, श्री डाबर देवता मंदिर, अरोडीदाई मंदिर, भूरागढ़ रिवरफन्ट व पार्किंग एवं यात्री सुविधा, सिमौनी स्थिति मौनी बाबाधाम, कारूबाबा भगवान मंदिर, कालिन्जर किले के समीप पर्यटन सुविधा केन्द्र इत्यादि का विकास कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। इसके अलावा रनगढ़ किले पर रिवरफन्ट, उदईपुरवा में इकोव्यू प्वाइट व इकोपार्क, नवाबटैंक में म्यूजिकल फाउन्टेन, यमुनानदी में घाट निर्माण तथा सिद्धबाबा आश्रम मंदिर का विकास कार्य प्रगति पर है। पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेंगे रिवरफ्रंट और म्यूजिकल फाउंटेन जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केवल धार्मिक ही नहीं बल्कि आधुनिक मनोरंजन के साधन भी विकसित किए जा रहे हैं। वर्तमान में कई बड़े प्रोजेक्ट्स प्रगति पर हैं जो जल्द ही पर्यटकों की पहली पसंद बनेंगे। इन विकास कार्यों से न केवल बांदा की सांस्.तिक पहचान बढ़ेगी। बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। रिवरफ्रंट, पार्क और म्यूजिकल फाउंटेन जैसे आधुनिक आकर्षणों के जुड़ने से पड़ोसी जिलों और राज्यों से भी पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

# उत्पीड़न से परेशान पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो
बांदा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई, बता दें कि पीड़िता स्नेहा देवी पत्नी पंकज विश्वकर्मा, निवासी ग्राम परास, थाना घाटमपुर, जिला कानपुर देहात की निवासिनी है। पीडिता अपने पति के उत्पीड़न से परेशान होकर करीब 15 दिन पूर्व अपने तीनों बच्चों को साथ लेकर अपने मायके गौरीकला जसपुरा अपने पिता शिवकुमार विश्वकर्मा के पास रह रही थी।




दिनांक 13–03–2026 को रात्रि करीब 12,30 बजे अचानक घर में आग लग गयी धुआं लपटों को देखकर मेरा भाई (प्रशान्त) उठकर के कमरे के जंगले से देखा कि मेरा पति पंकज विश्वकर्मा पुत्र स्व0 राजकुमार निवासी परास व कैशल किशोर पुत्र अज्ञात, निवासी मेउड़ा, थाना बिल्हौर, जिला कानपुर जो मेरे पति के बहनोई हैं। दोनों आग लगाकर भाग जा रहे थे पीड़िता व पीडिता का भाई प्रशान्त ने बाहर निकलकर देखा तो पेट्रोल की बदबू आ रही थी हमने शोर मचाया तो मुहल्ले के लोग इकट्ठा हो गये और आग बुझाने लगे व फायर कन्ट्रोल को सूचना दिया। करीब 03 घण्टे की कड़ी मशकत के बाद गाँव के लोगों ने आग पर काबू पाया। पड़ोसी भूपत सैनी के समरसेबल पम्प से पानी चालू कर आग पर काबू पाया। तब तक इलेक्ट्रानिक की दो दुकाने जिनमें करीब 6 लाख रूपये का इलेक्ट्रानिक समान रखा हुआ था व आवास के दो कच्चे कमरे जिनमें घर गृहस्थी का समान व जरूरत कागजात रखे थे व मोटर साइकिल हीरो स्पेडेण्डर प्लस नं० यूपी–90एबी/8579 जलकर राख हो गयी हैं हमारा करीब दो कच्चे आवास में करीब 2 लाख रूपये का घरेलू समान जलकर राख हो गया है। 02 मार्च 2026 को होली वाले दिन मेरा पति घर आया था लड़ता–झगड़ता रहा है और आग लगाने व जान से मारने की धमकी देकर चला गया था। पीड़िता ने 17–03–2026 को लिखित शिकायत उक्त शिकायती प्रार्थना पत्र दिया तब आदेशानुसार पीडिता थाना जसपुरा गयी और थानाध्यक्ष जसपुरा को उक्त शिकायती शिकायत पत्र दिया तो थानाध्यक्ष पीड़िता को गाली–गलौज व डॉटकर भगा दिया और उक्त मुल्जिमानों के विरूद्ध किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं किया। मांग है कि उक्त प्रकरण को संज्ञान में लेते हुये विश्वकर्मा पुत्र स्व0 राजकुमार निवासी परास, थाना घाटमपुर, जिला कानपुर देहात व कैशल किशोर पुत्र अज्ञात, निवासी मेउड़ा, थाना बिल्हौर, जिला कानपुर व थानाध्यक्ष जसपुरा के विरूद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही करें।

# गंगा समग्र की प्रांतीय बैठक में उठाया अवैध खनन का मुद्दा

न्यूज वाणी ब्यूरो
बांदा। रविवार को कानपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रांत कार्यालय में गंगा समग्र कानपुर प्रांत की प्रांतीय बैठक का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक



संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं गंगा समग्र के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामाशीष उपस्थित रहे। जिसमें जनपद से जिला संयोजक महेश कुमार प्रजापति ने कार्यक्रम में सहभागिता दिखाई। महेश प्रजापति ने वरिष्ठ पदाधिकारियों का मोती माला पहनाकर एवं गंगा मईया का मोमेंटो देकर सम्मानित किया। साथ ही जनपद में अवैध खनन के मामले को लेकर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ पदाधिकारियों को अवगत कराया कि बांदा जनपद में वर्तमान के मौजूदा हाल बहुत ही दयनीय है क्योंकि अवैध खनन करके खनन माफिया अपनी जेब भरने का काम कर रहे हैं और नदी का सीना छलनी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बांदा की जीवनदायनी कही जाने वाली केन नदी के जलस्तर में काफी गिरावट आई है और नदी का जल स्तर खत्म होता दिख रहा है अगर ऐसा ही चलता रहा तो वो दिन दूर नहीं जब केन नदी सिर्फ यादों में रह जाएगी और केन मां के दर्शनों के लिए लोगों की आंखे तरस जाएंगी। जिला संयोजक महेश कुमार प्रजापति ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि बांदा में जिला प्रशासन भी अपने आंख और कान दोनों बंद किए है जिसको अवैध खनन कही पर नजर नहीं आ रहा है जबकि कई बार ग्रामीण लोगों ने भी जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और अवैध खनन और उनके वाहनों के आवागमन को लेकर विरोध जताया है लेकिन जिला प्रशासन ग्रामीणों की भी नहीं सुनता और जिला प्रशासन की यह चुप्पी खनन माफियाओं के हौसले को बुलंद करती है। अगर समय रहते आवश्यक कार्यवाही नहीं की गई तो नदी के जलीय जीवों, पेड़ पौधों एवं सड़क मार्गों सहित कई प्रकार के नुकसान होना तय है। उक्त मामले की जानकारी सुनते ही मौजूद वरिष्ठ पदाधिकारियों ने जिला संयोजक महेश प्रजापति को आश्वस्त किया कि जल्द ही इस मामले को लेकर आवश्यक कार्यवाही किए जाने का कार्य किया जाएगा क्योंकि यह मामला केन नदी के अस्तित्व सहित कई बिंदुओं पर खतरा उत्पन्न होते दिख रहा है। इस दौरान कार्यक्रम में सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# नन्हे कलाकारों ने बिखेरा जलवा, वार्षिक समारोह में छाई मासूम अदाएं

न्यूज वाणी ब्यूरो/रूपईडीहा, बहराइच। दि आई स्कूल रूपईडीहा में आयोजित वार्षिक समारोह में छोटे–छोटे बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। नन्हे कलाकारों की मासूम अदाएं और आत्मविश्वास से भरे प्रदर्शन पूरे कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे। सोमवार को आयोजित यह कार्यक्रम शाम 6 बजे तक चला, जिसमें बच्चों ने रंग–बिरंगे परिधानों में मंच पर नृत्य, गीत एवं नाटिकाओं की प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति पर अभिभावकों ने जमकर तालियां बजाईं और पूरा परिसर उत्साह से गूंज उठा। विद्यालय के प्रिंसिपल संजीव कुमार भारतीय ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका मिस सुनीता, निशा, रेखा, वैष्णवी एवं वैशाली का विशेष योगदान रहा। वहीं केयरटेकिंग स्टाफ अमृत कौर एवं सोनू कौर ने भी बच्चों की देखरेख में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को उनके अभिभावकों के हाथों मेडल एवं प्रमाण पत्र दिलवाकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और अभिभावकों में भी खास उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# लाखों की कीमत से बना रहे नाला निर्माण में भ्रष्टाचार

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। लाखों की कीमत से बना रहे नाले में भारी भ्रष्टाचार के आरोप तीन नंबर पीले टूटे–फूटे अधे अधे ईट जोड़कर बन रहा नाला गुणवत्ताहीन घटिया सामग्री का जमकर प्रयोग जारी जिम्मेदार मौन जिला पंचायत कार्यदायी संस्था द्वारा बताया जा रहा है नाले का निर्माण कार्य ग्रामीण स्थानीय में जमकर आक्रोश मिली भगत से बंदरबांट के गंभीर आरोप निर्माणाधीन




लाखों के नाले में खानापूर्ति बंदरबांट मिली भगत के आरोप जनपद के विजयीपुर ब्लॉक गुरुवल पंचायत का पूरा मामला।

# बैंक व एटीएम पर चला सघन चेकिंग अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को सु.ढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के



समस्त थानों द्वारा बैंक एवं एटीएम चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत सभी थाना प्रभारी एवं थानाध्यक्षों ने अपने–अपने थाना क्षेत्रों में स्थित बैंकों एवं एटीएम केंद्रों की सघन जांच की। चेकिंग के दौरान बैंक परिसर एवं एटीएम केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा बैंक प्रबंधकों एवं सुरक्षा गार्डों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अलार्म सिस्टम, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त बैंक परिसरों के आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की भी चेकिंग की गई। आमजन को बैंक से धनराशि निकालते या जमा करते समय सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को देने के लिए जागरूक किया गया। इटावा पुलिस द्वारा इस प्रकार के अभियान लगातार चलाकर जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# मां उषा हेल्पिंग फाउंडेशन ने चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मां उषा हेल्पिंग फाउंडेशन द्वारा सिटी कॉन्वेंट स्कूल, भरथना चौराहा के निकट नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवियों एवं गणमान्य लोगों ने बढ़–चढ़कर भाग लेते हुए नशा मुक्ति पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अनुराग दुबे ने कहा कि इस प्रकार के नशा मुक्ति कार्यक्रम समाज के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसे आयोजन सार्वजनिक स्थलों जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मुख्य बाजारों में भी किए जाने चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इसका संदेश पहुंच सके। विशेष अतिथि राम शरण गुप्ता ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर होते रहने चाहिए। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि युवा नशे से दूर रहेंगे तो देश की शक्ति बन सकते हैं। कार्यक्रम संयोजक राहुल सिंह चौहान ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति प्रतिदिन 100 रुपये का नशा करता है, तो




जीवन में लगभग 50 लाख रुपये बर्बाद कर देता है। इन पैसों से वह अपने सपनों को पूरा कर सकता है, इसलिए युवाओं को नशा छोड़ने का संकल्प लेना चाहिए। ऊसराहार से आए 75 वर्षीय समाजसेवी राजा सिंह ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया तथा जागरूकता पत्रक वितरित किए। सहसंयोजक शैलेंद्र सिंह कुशवाह ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए नियमित व्यायाम करने की सलाह दी। समाजसेवी मयंक विधौलिया ने कहा कि यदि नशा करना ही है तो माता–पिता की सेवा और समाज सेवा का नशा करें। सुनील भदोरिया (प्रबंधक, आरबीएस स्कूल इटावा) एवं नीरज यादव (अमेरिकन इंस्टीट्यूट) ने भी बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए अंग्रेजी में संबोधित किया। डॉ अमित पांडेय ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देने के लिए आवश्यक हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों ने नशा मुक्ति पर आकर्षक सांस्.तिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित लोगों ने सराहा। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्.ष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को संस्थान द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में सुनील भदोरिया, प्रदीप कुशवाह, धीरेंद्र सिंह, मयंक विद्यौलिया, शिवा ठाकुर, रणवीर सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह चौहान, उर्मिला भदोरिया, विपुल शर्मा, सुधीर राजावत, वरुण गोयल, अजय कुमार गुप्ता, विनीत चौहान, सूर्या दीक्षित, धर्मपाल चौहान, प्रमेन्द्र बाजपेई, सूरज भदोरिया, राजीव कुमार पाल, आशीष तिवारी, लालजी गुप्ता, शिव सिंह यादव, चंद्रकांत, राजीव भदौरिया, संजीव राजपूत, अभिषेक राजपूत, शरद तिवारी (रक्तदाता), राजीव नरुका, सौरभ परिहार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# संत जगदीशानंद मेमोरियल पब्लिक स्कूल का बेहतर रहा परीक्षा परिणाम

## - छात्र-छात्राओं ने शत-प्रतिशत सफलता के साथ लहराया परचम

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। प्रतिष्ठित संत जगदीशानंद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल छा गया। सभी छात्र–छात्राओं ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर शत–प्रतिशत परिणाम हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। परिणाम वितरण के विशेष अवसर पर विद्यालय की निदेशक एवं प्रधानाचार्य निधि दीक्षित ने स्वयं विद्यार्थियों को उनकी प्रगति रिपोर्ट प्रदान की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों के उत्.ष्ट प्रदर्शन से शिक्षक एवं अभिभावक अत्यंत गौरवान्वित नजर आए। इस वर्ष कक्षा चार की छात्रा .ष्णा ने अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। वहीं देवांश, अंशु, चिराग, जियान और काव्य ने भी अपनी–अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इन विद्यार्थियों की सफलता ने विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य निधि दीक्षित ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत ही सफलता की असली पूंजी है और निरंतर प्रयास से ही बड़े लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग की भी सराहना की, जिनके मार्गदर्शन में छात्र सफलता की नई इबारत लिख रहे हैं। कार्यक्रम में अर्पिता, काजल, संजना सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

# रूरा में यमुना पर बनेगा पुल, पार पट्टी का जिला मुख्यालय से सीधा जुड़ाव

## - 100 करोड़ से अधिक की योजनाओं को मंजूरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पार पट्टी क्षेत्र के विकास को नई दिशा देते हुए प्रदेश सरकार द्वारा 100 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न योजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन योजनाओं में ग्राम रूरा और असवा के बीच यमुना नदी पर पुल निर्माण प्रमुख है, जिससे क्षेत्र का सीधा जुड़ाव जिला मुख्यालय से हो सकेगा। इस संबंध में सदर विधायक सरिता भदौरिया ने अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि वर्ष 2022 के चुनाव के दौरान यमुना नदी के पुल से उनके गांव उदी तक जर्जर सड़क को लेकर विपक्ष द्वारा लगातार सवाल उठाए गए थे। इस पूरे मामले को उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखा, जिस पर संबंधित मार्ग को फोर लेन बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया और शीघ्र कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि पुल निर्माण में देरी को लेकर राजनीति की गई, लेकिन उन्होंने पूरे जनपद में सड़कों के विकास का संकल्प लिया। इसके परिणामस्वरूप कचौरी मार्ग, बसरेहर बाईपास, भरथना–इटावा मार्ग सहित कई प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कराया गया है, जिससे पूरे जनपद में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। विधायक ने बताया कि ग्राम रूरा और असवा के बीच यमुना नदी पर लगभग 80 करोड़ रुपये की लागत से पुल का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए 27 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी हो चुकी है। पुल के दोनों ओर तीन–तीन किलोमीटर लंबी चौड़ी सड़क भी बनाई जाएगी। इस पुल के बनने से आगरा जनपद की सीमा पर बसे दर्जनों गांवों सहित पार पट्टी क्षेत्र की लाखों की आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही विश्व



प्रसिद्ध बाबा पिलुआ महाराज मंदिर तक पहुंच आसान होगी, जिससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि पोस्टमार्टम हाउस के सामने खाली पड़ी जमीन पर 32 करोड़ रुपये की लागत से नया कंपोजिट विद्यालय तथा नुमाइश ग्राउंड में 8 करोड़ रुपये की लागत से ऑडिटोरियम का निर्माण कराया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के ग्राम प्रधानों व जनप्रतिनिधियों ने स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, छोटे लाल पाल, सरनाम सिंह, अरुण भदौरिया, उमेश तिवारी, भूपेंद्र यादव, अनिल राजपूत, विनीत चौहान, दिनेश सहित कई लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजू चौधरी, जिला संयोजक ओम रतन कश्यप, व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष विनीत कुमार पांडे, किसान मोर्चा के जिला मंत्री अशोक सिंह चौहान, विवेक गुप्ता, चंदन पोरवाल, राजीव चौबे, श्याम चौधरी सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# एसएसपी ने जनसुनवाई में फरियादियों की सुनी समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में नियमित रूप से होने वाली जनसुनवाई की गई। इसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन प्राप्त कर उन्हें न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का आश्वासन दिया गया। एसएसपी द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित राजपत्रित अधिकारी (पुलिस) एवं थाना प्रभारियों से वार्ता कर शिकायतों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस द्वारा फरियादियों की शिकायतों का तत्परता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना प्राथमिकता बताया गया है।

# दस्तारबंदी के बाद उलेमाओं की मौजूदगी में दीन-ए-इस्लाम का पैगाम

## – नातिया कलाम और तकरीरों से महका उठा माहौल

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष गांव में एक बेहद रूहानी और इल्मी माहौल उस वक्त देखने को मिला, जब हाफिज मोहम्मद गौश ने बरेली में अपनी दस्तारबंदी के बाद अपने गांव में उलेमाओं और अहले–ईमान के बीच एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन उनके आवास के दरवाजे पर ईशा की नमाज के बाद शुरू हुआ, जो देर रात तक इबादत, नातिया कलाम और तकरीरों से गुलजार रहा। कार्यक्रम की शुरुआत कुरआन पाक की तिलावत और नात–ए–पाक से हुई, जिसके बाद हाफिज मोहम्मद गौश ने खुद नात पढ़कर महफिल को इश्क–ए–रसूल से महका दिया। उन्होंने अपने कलाम के जरिए इस्लाम की अजमत और उसकी ताकत को बयान किया, जिससे मौजूद लोगों के दिलों में दीन की मोहब्बत और मजबूत हुई। इस मौके पर मौलाना कासिम रजा नूरी, कारी मतीन और कारी बिलाल नूरी जैसे जाने–माने उलेमाओं ने शिरकत की और अपने बयानात के जरिए दीन–ए–इस्लाम की सही समझ और उसकी अहमियत को उजागर किया। कारी बिलाल नूरी ने नात–ए–मुस्तफा पेश कर माहौल को और भी रूहानी बना दिया, वहीं मौलाना कासिम रजा नूरी ने अपनी तकरीर में कुरआन और हदीस की रोशनी में इस्लाम की बुनियादी शिक्षाओं पर जोर देते हुए लोगों को नेक राह पर चलने की नसीहत दी। उन्होंने अपने बयान में अल्लाह के प्यारे रसूल हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैह वसल्लम के पाक किरदार के साथ–साथ पीराने पीर हजरत अब्दुल कादिर जिलानी, ख्वाजा गरीब नवाज हजरत मोइनुद्दीन चिश्ती और आला हजरत इमाम अहमद रजा खान फाजिल–ए–बरेलवी के वाकयात को पेश करते हुए लोगों को ईमान पर कायम रहने और दीन की राह पर डटे रहने का पैगाम दिया। महफिल में इसरार फतेहपुरी जैसे मशहूर नात ख्वां ने अपने कलाम से शमा बांध दी, जिससे पूरा माहौल इश्क–ए–इलाही और इश्क–ए–रसूल में डूब गया। हाफिज सरवर हबीबी ने कार्यक्रम की निजामत बेहतरीन अंदाज में अंजाम दी, जिससे कार्यक्रम में एक अनुशासन और रवानगी बनी रही। कार्यक्रम के दौरान मौजूद जायरीनों ने "सुब्हानअल्लाह", "माशा अल्लाह" और "नारे तकबीर, अल्लाहु अकबर" के नारों से माहौल को पूरी तरह इस्लामिक रंग में रंग दिया। इस मौके पर हाफिज मोहम्मद गौश ने कहा कि आज के दौर में मुस्लिम बच्चों को दीन और इस्लाम की सही तालीम देना बेहद जरूरी है, ताकि वे अपनी पहचान और अपने मजहब की असलियत को समझ सकें। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों का मकसद समाज में दीन की जागरूकता फैलाना और नई पीढ़ी को सही राह दिखाना है। यह कार्यक्रम न सिर्फ एक दस्तारबंदी की खुशी का इजहार था, बल्कि दीन–ए–इस्लाम की रोशनी को आम करने और समाज में भाईचारे, मोहब्बत और इंसानियत के पैगाम को मजबूत करने का एक खूबसूरत जरिया भी बना।

# आंगनवाड़ी केंद्रों का लोकार्पण, कार्यकत्रियों को नियुक्तिपत्र व स्मार्टफोन वितरण

## - प्रेरणा सभागार में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण, 33 केंद्रों व 6 कार्यालयों का शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रदेश सरकार द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र भवनों एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालयों के लोकार्पण, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र एवं स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में किया गया। कार्यक्रम सदर विधायक सरिता भदौरिया एवं जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी प्रदर्शित किया गया। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के चौमुखी विकास के अंतर्गत आज 33 आंगनबाड़ी केंद्रों तथा 6 बाल विकास परियोजना कार्यालयों का लोकार्पण किया गया है, जिससे नन्हे–मुन्ने बच्चों को स्वस्थ एवं सुगम वातावरण में पोषण मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 07 नव नियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए, जो यह दर्शाता है कि सरकार रोजगार सृजन के प्रति गंभीर है। इसके साथ ही जनपद के 1564 आंगनवाड़ी केंद्रों पर कार्यरत कार्यकत्रियों एवं 31 मुख्यसेविकाओं को नई जनरेशन के स्मार्टफोन वितरित किए गए, जिससे उनके कार्य में सुगमता आएगी और वे अपने दायित्वों का निर्वहन बेहतर ढंग से कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश के सभी वर्गों के नागरिकों की विशेष चिंता करते हैं और इसी सोच के तहत भविष्य में सभी को शासकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। बच्चों के प्रारंभिक स्तर पर ही आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाने पर भी जोर दिया गया। साथ ही जानकारी दी गई कि इसी वित्तीय वर्ष में 9 आधार मशीनें, प्रिंटर सहित लैपटॉप परियोजनाओं को उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने



कहा कि यह दूरदर्शी सोच प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में अग्रसर कर रही है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप तिवारी, जिला कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल सहित संबंधित अधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

# निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण को लेकर कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित

## – 7122 मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया, ईवीएम स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो




इटावा। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने की, जिसमें जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि जनपद में नो मैपिंग मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं, जिनकी सुनवाई 21 जनवरी 2026 से संचालित है। साथ ही लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी से संबंधित मामलों में भी आयोग के निर्देशानुसार नोटिस जारी कर 27 मार्च 2026 तक सुनवाई पूरी कर ली गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि 7122 ऐसे मतदाता चिन्हित किए गए हैं, जिन्होंने आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए हैं या जिनका नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज है। ऐसे मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाएंगे। कुल 2,64,137 मतदाताओं में से इन मामलों की जांच प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। बैठक के उपरांत सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में त्रैमासिक ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार, .पा नारायण तिवारी, संजीव भदौरिया, वाचस्पति द्विवेदी, अनवर हुसैन, उदयभान सिंह यादव, मोहित जाटव, इकरार अहमद, प्रेमशंकर यादव, राहुल पाल सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत सहसों पुलिस ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। थाना सहसों द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत ग्राम सिंदौस में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर हेल्पलाइन नंबरों एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

थाना सहसों द्वारा ग्राम सिंदौस में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं अन्य आगंतुकों को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड



हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 एवं साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके अतिरिक्त टीम द्वारा साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें तथा किसी संदिग्ध या अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें। साथ ही ऑनलाइन लेन–देन एवं सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान सतर्कता बरतने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों के प्रति विस्तार से जानकारी दी गई। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता हेतु निरंतर अभियान चलाकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है।






# भाजपा जिलाध्यक्ष ने शिल्प महोत्सव का किया उद्घाटन

## – आकर्षक झूले, खिलौने व फिरोजाबाद की चूड़ियां आकर्षण का केन्द्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के बिंदकी बस स्टॉप स्थित मुस्लिम इंटर कॉलेज के मैदान में जन सहयोग विकास संस्थान के तत्वाधान में शिल्प



महोत्सव का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने फीता काटकर महोत्सव का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी एवं मेला प्रबंधक अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि मेले में आकर्षण का केंद्र कई नई चीजें हैं। बच्चों और परिवारों के लिए लंदन की जल परी जैसे आकर्षक झूले, बच्चों के आधुनिक खिलौने, फिरोजाबाद की रंग–बिरंगी चूड़ियां, महिलाओं के लिए पारंपरिक बनारसी साड़ियां, स्वादिष्ट खाने–पीने के स्टॉल तथा तरह–तरह की हस्तशिल्प व स्वदेशी वस्तुएं देखने को मिलेंगी। मेला प्रबंधन ने आम जनमानस से अपील किया कि वे अपने परिवार और बच्चों के साथ इस शिल्प महोत्सव में अवश्य पधारें और पूरे परिवार के साथ मनोरंजन व खरीदारी का आनंद लें।

# फांसी लगा युवक ने दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के उनवा अधारपुर में निर्माणाधीन मकान में रविवार की शाम 25 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र हसउपुर गांव निवासी भीखम सिंह का पुत्र अंकित उर्फ धनराज ने रविवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे उनवा अधारपुर में निर्माणाधीन मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, पत्नी घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरदो सीएचसी के समीप रविवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 45 वर्षीय बाइक सवार की मौके पर मौत हो गयी। वहीं उसकी पत्नी चोटहिल हो गयी। जिसका हरदों सीएचसी में इलाज के बाद घर वापस भेज दिया। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के रतनसेनपुर गौंती गांव निवासी राम विशाल का 45 वर्षीय पुत्र फूलकुमार अपनी पत्नी के साथ बाइक से बहन के घर से वापस आ रहा था। जैसे ही वह हरदो सीएचसी के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे मौके पर ही फूलकुमार की मौत हो गयी। वहीं उसकी पत्नी घायल हो गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। वहीं पत्नी का इलाज कराने के बाद घर वापस भेज दिया।

# ट्रेन से कटकर युवक ने दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के खागा बार्डर सतनरैनी रेलवे स्टेशन के समीप बीमारी से तंग 50 वर्षीय अधेड़ ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के इमादपुर गांव निवासी केदारनाथ का पुत्र नैनसिंह कैंसर से पीडित था काफी इलाज कराया गया लेकिन कोई फायदा न मिला। जिसके चलते उसने सतनरैनी के स्टेशन के समीप ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# अलग-अलग सड़क हादसों में चार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत हुये सड़क हादसों के दौरान लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार हथगाम थाना क्षेत्र के इदातपुर धामी गांव निवासी स्व0 देवी दयाल का 75 वर्षीय पुत्र फूलसिंह घर के समीप पैदल आ रहा था। तभी बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी प्रकार असोथर थाना क्षेत्र के बेर्राव गांव निवासी सुमेर सिंह का 33 वर्षीय पुत्र लखन सिंह बाइक से सामान लेने जा रहा था। तभी कुशुम्भी के समीप अचानक सड़क पार कर रहे कुत्ते से बाइक टकरा जाने से गिर कर घायल हो गया। इसी तरह किशनपुर थाना क्षेत्र के विजयीपुर निवासी रक्षपाल का 52 वर्षीय पुत्र अरूण कुमार अपने मित्र राहुल त्रिपाठी पुत्र अश्विनी निवासी मटिहा असोथर के साथ बाइक से विजयीपुर गांव वापस जा रहे थे। जैसे ही यह लोग मटिहा नहर पुलिया के आगे पहुंचे तभी अचानक जानवर से टकराकर बाइक गिर गयी। जिससे दोनों घायल हो गये। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# माध्यमिक शिक्षक संघ ने डीआईओएस से की मुलाकात

## – समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में औपचारिक मुलाकात कर शिक्षकों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए कहा गया। जिस पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने



कार्यकारिणी को आश्वस्त किया कि जल्द उक्त समस्त समास्याओं का निराकरण कर दिया जाएगा। साथ ही जिला कार्यकारिणी ने पटल सहायकों से भी मुलाकात कर लंबित शिक्षक समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा गया। इस मौके पर जिला संरक्षक तरुण सिंह, जिलाध्यक्ष बीरेंद्र राजपूत, जिलामंत्री दिनेश सैनी, जिला कोषाध्यक्ष विपिन गुप्ता, आय–व्यय निरीक्षक रामबाबू मौर्य, ध्यान सिंह, डा. धीरेंद्र यादव, डा. दीपक यादव, उमेश चन्द्र, राजेश कुमार, सुभाष कुमार, संदीप कुमार, जितेंद्र कुमार पाण्डेय, हीरा लाल, अंकित सिंह, अमित कुमार आदि सैंकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

# संविधान व मतदान विषय पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता

## - दिव्यांशी बाजपेई व पूनम देवी ने हासिल किया प्रथम स्थान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार यादव की अध्यक्षता में राजनीति विज्ञान विभाग प्रभारी प्रो. शकुन्तला एवं प्रो. लक्ष्मीना भारती प्रोफ़ेसर, राजनीति विज्ञान विभाग एवं मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण व राजनीति विज्ञान विभाग ने संविधान एवं मतदान विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान की टैगलाइन के अंतर्गत छात्राओं ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पोस्टर बनाये और ये संदेश दिया कि संवैधानिक मार्ग के अनुकरण द्वारा ही हम विकास तक पहुँच सकते हैं। मेरा वोट मेरा अधिकार पर भी छात्राओ ने पोस्टर बना कर लोकतन्त्र को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। देश की आधी आबादी को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण पर भी पोस्टर बनाए और संदेश दिया कि समाज की कुरीतियों के बीच भी हम सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर कैसे आगे बढ़ सकते हैं। प्राचार्य डॉ राजेश कुमार यादव ने अपने उदबोधन में कहा कि छात्राओं को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरुक होकर सशक्त बनना चाहिए जो समय की आवश्यकता है। इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्राओं के व्यक्तित्व के निर्माण के साथ–साथ उन तक जन जागरुकता भी फैलाना है ,जिससे वे अपने भविष्य का निर्माण कर सकें। महिला सशक्तिकरण पर पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दिव्यांशी बाजपेई द्वितीय स्थान पर साक्षी गुप्ता, तृतीय स्थान पर वैदेही सविता रहीं। वहीं मेरा वोट मेरा अधिकार विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पूनम देवी द्वितीय स्थान पर शिवानी वर्मा तथा तृतीय स्थान पर वैशाली रहीं। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार ने उपस्थित रहकर अपनी सहभागिता के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# डीबीए चुनाव : पहले दिन अध्यक्ष व महामंत्री समेत विभिन्न पदों पर पर्चे दाखिल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के दस अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन अलग–अलग संगठनों से अध्यक्ष व महामंत्री पद के तीन–तीन उम्मीदवारों ने समर्थकों के साथ चुनाव अधिकारियों के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किए। अन्य पदों के लिए भी 36 उम्मीदवारों ने पर्चे दाखिल करके चुनावी ताल ठोंकी है। नामांकन प्रक्रिया को लेकर सुबह से ही चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के समर्थकों में उत्साह दिखाई दिया। आदर्श अधिवक्ता संगठन से रमेश सिंह भदौरिया ने अध्यक्ष व धर्मेन्द्र मिश्रा ने महामंत्री, आदर्श अधिवक्ता संगठन के ही एक अन्य गुट से विजय कुमार सिंह ने अध्यक्ष व अनुराग नारायण उर्फ पुत्तन मिश्रा ने महामंत्री तथा सर्वसमाज अधिवक्ता संगठन से जगनायक सचान ने अध्यक्ष व अनिल कुमार श्रीवास्तव ने महामंत्री पद के लिए पर्चे दाखिल





किए। इसी तरह वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए शशिकांत वर्मा, मो0 इशरत खान, चन्द्र प्रकाश गुप्ता व रामऔतार ने ताल ठोंकी है। उपाध्यक्ष पद के लिए दिनेश कुमार, गणेश प्रसाद तिवारी, योगेन्द्र कुमार सिंह पटेल, सूर्यपाल सिंह दीक्षित तथा कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए आदित्य शर्मा, मो0 बिलाल खान, शाहिद अख्तर, मनोज कुमार वर्मा ने पर्चे दाखिल किए हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए सुनील कुमार गुप्ता व सत्यम कुमार गुप्ता ने दावेदारी की है। संयुक्त सचिव पुस्तकालय पद पर जसवंत सिंह व अविनाश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव प्रकाशन पद पर छाया देवी तथा संयुक्त सचिव प्रशासन के पद पर नागेन्द्र सिंह व सतीष वर्मा ने नामांकन पत्र भरे हैं। इसी प्रकार वरिष्ठ सदस्य पद के लिए महाप्रसाद दुबे, देवपाल सिंह, संदीप विश्वकर्मा, जितेन्द्र कुमार वर्मा, रामसनेही, राजेश सिंह गौतम व कल्याण कुमार द्विवेदी के अलावा कनिष्ठ सदस्य पद के लिए प्रभाकर सिंह चंदेल, राजकुमार पाण्डेय, पूनम गुप्ता, नेकेता सोनकर, ऐश्वर्या श्रीवास्तव, अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, आयशा सहाब, शेख मो0 इसहाक व सुमित सिंह ने पर्चे दाखिल किए हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि कल (आज) मंगलवार को शाम चार बजे तक है। उधर मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार अग्निहोत्री व सहायक निर्वाचन अधिकारी हरवंश सचान, राहुल त्रिवेदी, अविनाश सिंह, विनय मिश्रा, सुनील कुमार सिंह, मो0 राशिद सिद्दीकी ने प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान निभाया।

# युद्ध समाप्ति व विश्व शांति हेतु मोमबत्तियां जलाकर की प्रार्थना

## - शांति पहल में जनमानस करे समर्थन : डा. अनुराग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग




श्रीवास्तव के नेतृत्व में चौक चौराहे पर सदस्यों ने पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध की समाप्ति व विश्व शांति हेतु मोमबत्तियां जलाकर प्रार्थना की। डॉ अनुराग ने बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान कुछ लोग हर रात एक निश्चित समय पर अपना काम रोककर सभी के लिए शांति और सुरक्षा की प्रार्थना करते थे। वे ऐसा प्रतिदिन करते थे और ऐसा लगता था मानो पूरा शहर थम गया हो प्रार्थना की शक्ति इतनी अद्भुत थी। इसका परिणाम इतना प्रभावशाली रहा कि कुछ ही समय बाद बमबारी रुक गई। इसी भाव से अब एक बार फिर हम सभी लोग एकत्रित हुए हैं व अपने अपने देशों की सुरक्षा व हमें सताने वाली समस्याओं के अंत के लिए ईश्वर के मार्गदर्शन के लिए एक मिनट प्रार्थना करने का संकल्प लिया है। डॉ अनुराग ने सभी जनपदवासियों से अपील किया कि इस पहल में हमारा समर्थन करें व हर दिन हम निर्धारित समय पर एक मिनट के लिए रुककर विश्व शांति, संघर्षों के अंत और पृथ्वी पर सभी लोगों के लिए शांति और सुरक्षा की बहाली के लिए प्रार्थना करेंगे क्योंकि प्रार्थना में अपार शक्ति होती है। हमें देश की स्थिति को समझना चाहिए और घबराहट नहीं फैलानी चाहिए। देश में आवश्यक सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। साथ ही डॉ अनुराग ने कहा कि युद्ध के समय में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन हमें इसका सामना करना चाहिए। हमें ईंधन का सही तरीके से उपयोग करना चाहिए और अफवाहों से बचना चाहिए। देश के साथ मिलकर चलने से ही हम इस स्थिति से निपट सकते हैं। इस अवसर पर कैप्टन लालजी श्रीवास्तव, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, शैलेंद्र सिंह, शैलेंद्र अग्निहोत्री, हर्षवर्धन शर्मा, सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, रामप्रकाश मौर्य, उमेश कुमार श्रीवास्तव, प्रशांत पाटिल, अभिनव श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, केके सिंह, सुरेश कुमार श्रीवास्तव, चैतन्य कुमार, अर्जुन गुप्ता, जीतू हयारण, विकास श्रीवास्तव एडवोकेट, शोएब निहाल, फैसल, विवेक सिन्हा, राजेश राजन, वेदप्रकाश गुप्ता सहित तमाम लोगों ने उपस्थित होकर प्रार्थना की।

# एसवीएम में वार्षिक परीक्षाफल वितरित, बच्चों के खिले चेहरे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्री–प्राइमरी व प्राइमरी वर्ग की गृह परीक्षा में कुल 1717 छात्र–छात्राओं (प्री–प्राइमरी 924, प्राइमरी 793) को उनके वर्षभर के कठिन परिश्रम का परिणाम प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन, वंदना एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ।

समारोह में राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य रमाकांत गुप्ता, आरएसएस (घुमंतू प्रमुख) व कमेटी सदस्य संतलाल, विद्यालय के प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव एवं कोषाध्यक्ष अजय कुमार मिश्र, सर्व व्यवस्था प्रमुख राजनारायण एवं अंग्रेजी माध्यम व्यवस्था प्रमुख भावना, हिंदी माध्यम व्यवस्था प्रमुख सुशील एवं अन्य सभी आचार्य बन्धु उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। परीक्षाफल वितरण की शुरुआत हिंदी माध्यम के छात्र–छात्राओं से की गई। हिंदी माध्यम (प्राइमरी) में संस्:ति शुक्ला ने 96.25 प्रतिषत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्री–प्राइमरी में यशस्वी कैथल ने 99.36 प्रतिषत अंक, अंग्रेजी माध्यम के प्राइमरी वर्ग में पर्व शुक्ला और प्रांजल पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य रमाकांत गुप्ता ने



बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षाफल केवल अंकों का दस्तावेज नहीं, बल्कि निरंतर सीखने की प्रक्रिया का एक पड़ाव है। प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह ने बच्चों की लगन की सराहना की और इस सफलता का श्रेय अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। अंत में सभी सफल छात्र–छात्राओं को पुरस्:त किया गया और आगामी सत्र के लिए शुभकामनाओं के साथ सभा का समापन हुआ।

# होली व ईद मिलन समारोह में नागरिकों का हुआ सम्मान

## - बिंदकी व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुशील लोहिया को बनाया जिलाध्यक्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला उद्योग व्यापार मंडल पंजीकृत के सफलतापूर्वक बीस वर्षों का उत्साह एवं प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित होली मिलन व ईद मिलन का कार्यक्रम आईटीआई रोड स्थित एक गार्डेन में प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे की उपस्थित में संगठन के व्यापारीगण, पदाधिकारीगण जिले के समस्त नागरिकों का सम्मान करते हुए हर्षोउल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष तिवारी द्वारा व्यापारियों के सम्मान में कार्यक्रम में चार चांद लगाया गया। गणेश वंदना आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। उसके पश्चात शंकर पार्वती की लीला व हनुमान जी के विशाल रूप ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन राधा कृष्ण जी के साथ



फूलों की होली खेलकर उपस्थित समस्त लोगों का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में जिला उद्योग व्यापार मंडल पंजी० के दो पदाधिकारी को पदोन्नति करके बिंदकी व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुशील लोहिया को जिलाध्यक्ष का कार्यभार दिया गया और जिले की नई कार्यकारिणी गठित करने का निर्देश दिया गया और अभी तक जिला संगठन में जिला महामंत्री प्रवक्ता का कार्यभार देख रहे हैं। डीएस आइस फैक्ट्री के एमडी धीरेंद्र सिंह को पदोन्नति करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष/प्रदेश प्रवक्ता के नए पद से सुशोभित किया, जिससे व्यापारियों के समक्ष खुशी की लहर दौड़ गई समस्त व्यापारियों ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारी को ढेर सारी बधाइयां दी। व्यापारी हरिओम रस्तोगी ने प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे को चांदी की स्मृति चिन्ह देकर मंच में सम्मानित किया। कार्यक्रम में धाता अध्यक्ष भानु केसरवानी, खखरेरू अध्यक्ष अनिल केसरवानी, असोथर अध्यक्ष लक्ष्मी आर्या, गाजीपुर अध्यक्ष बब्बू सिंह एवं बिंदकी नगर अध्यक्ष टीम सहित भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिमौर की अनियमितताओं पर डीएम को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बहुआ ब्लाक के ग्राम सिमौर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में व्याप्त अनियमितता, कर्तव्यहीनता एवं योजना के उद्देश्यों को बाधित किए जाने को लेकर मानव लोक अधिकार सेवा संस्थान ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग



की। मानव लोक अधिकार सेवा संस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष ने डीएम को दिए गए ज्ञापन में बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिमौर में निरंतर ताला बंद पाए जाने से आमजन को मिलने वाली प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हो रही हैं, जो कि शासन की मंशा का स्पष्ट उल्लंघन है। यह स्थिति प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना–घर–घर तक सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य को प्रत्यक्ष रूप से विफल एवं तार–तार करने का कार्य कर रही है। बताया कि केंद्र पर तैनात सीएचओ कमलकांत द्वारा कार्यस्थल पर अनुपस्थित रहते हुए पंचायत सहायक से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराई जाती है। साथ ही, विश्वसनीय स्रोतों से यह भी ज्ञात हुआ है कि उक्त कर्मचारी पूर्व में भी रिश्वतखोरी के प्रकरण में संलिप्त पाए गए थे, किन्तु उनके विरुद्ध कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे उनके आचरण में कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होने डीएम से मांग किया कि प्रकरण की उच्च स्तरीय, निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कराते हुए दोषी कर्मचारी के विरुद्ध सेवा नियमों के अंतर्गत कठोरतम अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन को निर्बाध एवं पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की गरिमा बनी रहे।

# डीएम ने ईवीएम व वीवी पैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

## – सीसी कैमरे मिले क्रियाशील, दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र सिंह ने जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम व वीवी पैट वेयर हाउस



के मासिक सुरक्षा की स्थिति का भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बाह्य निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस में लगे सीसी कैमरों का निरीक्षण किया। पाया गया कि सभी सीसी कैमरे क्रियाशील हैं। वेयर हाउस की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा गार्द के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा में लगे फायर सिलेण्डर की वैधता की जांच की एवं डीबीआर में डाटा स्टोरेज की जांच की गई जो आयोग के मानक के अनुरूप पायी गयी। इसके अलावा अतिरिक्त वेयर हाउस के हॉल में विभिन्न लोहे के रैक में रखे विशेष प्रगाढ़ पुरीक्षण के प्रयोगार्थ पर्याप्त संख्या में फार्म–6, फार्म–7, फार्म–8 एवं घोषणा पत्र के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। आयोग के निर्देशानुसार पुनरीक्षण कार्यक्रम में किसी भी प्रकार से उक्त फार्मों की कमी न हो। इसका विशेष ध्यान दिये जाने के लिए निर्देश दिये गये हैं। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ० अविनाश त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर अनामिका श्रीवास्तव, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ओम प्रकाश त्रिपाठी निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे।

# उद्योग बंधु समिति की बैठक दो को

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग ने बताया कि उद्यमियों की समस्याओं के समाधान हेतु चालू माह की जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की मासिक बैठक आगामी दो अप्रैल को तीन बजे अपराह्न कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित होगी।

# बार चुनाव : शाहिद को मिला अधिवक्ताओं का समर्थन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला बार एसोसिएशन के आगामी चुनाव को लेकर कचेहरी परिसर में सरगर्मियां तेज हो गई हैं। कलेक्ट्रेट कंपाउंड स्थित वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक कुमार गुप्ता के चेंबर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आदर्श अधिवक्ता संगठन की ओर से कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी शाहिद अख्तर एडवोकेट के पक्ष में अधिवक्ताओं ने एकजुटता दिखाई और उन्हें अपना पूर्ण समर्थन देने का



ऐलान किया।

बैठक के दौरान उपस्थित अधिवक्ताओं ने शाहिद अख्तर का फूल–माला पहनाकर स्वागत किया और उनके व्यक्तित्व व कार्यशैली पर भरोसा जताया। वरिष्ठ व युवा अधिवक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि शाहिद अख्तर हमेशा अधिवक्ताओं के हितों के लिए संघर्षरत रहे हैं, इसलिए उन्हें भारी मतों से विजयी बनाना हम सभी का लक्ष्य है। उपस्थित साथियों ने उन्हें विजय का आशीर्वाद देते हुए आश्वस्त किया कि चुनाव में वे तन–मन–धन से उनके साथ हैं और अपना अमूल्य मत देकर उन्हें संगठन में सेवा का अवसर प्रदान करेंगे। इस अवसर पर शाहिद अख्तर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अधिवक्ताओं की समस्याओं के निराकरण और बार की गरिमा बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वसीम खान एडवोकेट, वीरेंद्र दुबे एडवोकेट, फहीम खान व श्याम प्रकाश एडवोकेट, धर्मेंद्र तिवारी व करण सिंह यादव एडवोकेट, राजेश कुमार यादव व सैयद शोएब अहमद रब महताब आलम, फरहान खान एवं अन्य। इस समर्थन से शाहिद अख्तर के खेमे में भारी उत्साह देखा जा रहा है और चुनाव प्रचार ने अब जोर पकड़ लिया है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )